* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मार्च, 2024
चैत, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 156







## शराब घोटाला : गिरफ्तारी और रिमांड पर आया फैसला

# हाइकोर्ट से नहीं मिली केजरीवाल को राहत

- कोर्ट ने इडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा
- आज मुख्यमंत्री पद से हटाने की अर्जी पर सुनवाई होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाइकोर्ट में बुधवार को फिर सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी तो इडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने अदालत में अपनी-अपनी दलीलें दीं। तमाम दलीलों को सुनने के बाद दिल्ली हाइकोर्ट ने अपना फैसला कुछ देर के लिए सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद देर शाम कोर्ट ने अपने फैसले में केजरीवाल को इडी की हिरासत से राहत नहीं दी। इसके अलावा कोर्ट ने इडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अब 2 अप्रैल को हिरासत के खिलाफ सुनवाई की जायेगी। उधर, 28 मार्च को केजरीवाल की रिमांड अवधि खत्म हो रही है। इस मामले में गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी। इसके अलावा केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर भी गुरुवार को दिल्ली हाइकोर्ट के एसीजे मनमोहन की डिवीजनल बेंच में सुनवाई होगी।

**केजरीवाल की गिरफ़्तारी की बुनियाद ही गलत है :** वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि अभी रिहा कर दें, क्योंकि गिरफ्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है।

**केजरीवाल की अंतरिम राहत पर कोर्ट करेगा विचार :** दिल्ली हाइकोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा कहा ने कि वह मुख्य याचिका पर इडी को नोटिस जारी करेंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर केजरीवाल अंतरिम राहत मांग रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है। इडी की ओर से एसवी राजू ने इसका विरोध किया और कहा कि हम इस पर अपना जवाब देना चाहते हैं, इसके लिए हमें थोड़ा वक्त चाहिए। फैसले में कोर्ट ने इडी से दो अप्रैल तक जवाब तलब किया है।



### केजरीवाल पर बयान को लेकर अमेरिकी डिप्लोमैट तलब

**नयी दिल्ली/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका के बयान के एक दिन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बबेर्ना को तलब किया। वह दोपहर 1:10 बजे विदेश मंत्रालय पहुंचीं। बैठक 40 मिनट चली। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक-दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। भारत में कानूनी प्रक्रिया एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित है। उस पर कलंक लगाना या सवाल उठाना स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## महाराष्ट्र में आइएनडीआइए गठबंधन में खटास

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी संकट में नजर आ रहा है। आइनडीआइए गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर खटास सामने आने लगी है। शिवसेना उद्धव गुट ने बुधवार को 17 उम्मीदवारों का एलान किया। इनमें तीन सीटों पर कांग्रेस के दावेदार टिकट का इंतजार कर रहे थे। इस एलान से शरद पवार नाराज हैं। उन्होंने कहा है कि हमारे सहयोगी गठबंधन धर्म नहीं निभा रहे हैं। इधर, टिकट के एलान के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय निरूपम भी नाराज हैं, वे मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से लोकसभा लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उन्हें खुद राहुल गांधी ने टिकट का भरोसा दिया था। उद्धव गुट ने यहां अमोल कीर्तिकर को टिकट दिया, जिन्हें खिचड़ी घोटाले में इडी ने समन भेजा है। मुंबई साउथ-सेंट्रल और सांगली सीटों पर भी कांग्रेस के नेता टिकट मिलने की उम्मीद कर रहे थे। वंचित बहुजन अघाड़ी नेता प्रकाश आंबेडकर ने भी एमवीए से अलग लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने बुधवार को आठ उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। इनके अलावा स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के अध्यक्ष पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने एमवीए के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया है। एमवीए ने हातकणंगले की सीट शेट्टी को देने का प्रस्ताव दिया था।

## पीएम ने अमृता रॉय से फोन पर की बात, कहा

# इडी के जब्त 3000 करोड़ रुपये गरीबों को लौटायेंगे

टीएमसी की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं अमृता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजमाता अमृता रॉय से फोन पर बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया धन और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा कुर्क किया गया धन उन्हें वापस मिले। पीएम ने यह भी विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल के लोग राज्य में बदलाव के लिए मतदान करेंगे।

बता दें, पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से भाजपा ने शाही परिवार की राजमाता अमृता रॉय को चुनावी मैदान में उतारा है। रॉय का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता और लोकसभा से निलंबित सांसद महुआ मोइत्रा से होना है। मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम ने उनसे पूछा कि उनका चुनावी अभियान कैसा चल रहा है। साथ ही कहा कि आप तो महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय के परिवार से हैं। इस पर राजमाता रॉय ने कहा कि इसी बात का यहां कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। कह रहे हैं कि उन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया था। ये लोग हमें गद्दार समझते हैं। उनके दान और अच्छे कामों के बारे में कोई नहीं बोल रहा है। अमृता रॉय ने कहा कि ऐसा सिराजुद्दौला की प्रताड़ना की वजह से किया। अगर महाराजा ने ऐसा नहीं किया होता तो क्या हिंदू धर्म बच पाता? क्या सनातन धर्म बच पाता? नहीं। अगर ऐसा है तो हम ये क्यों नहीं कह सकते कि महाराजा ने हमें सांप्रदायिकता विरोधी हमले से बचाया।



### मोदी ने टीएमसी पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम लोगों को बचपन में जो पढ़ाया जाता था, उसमें कृष्ण चंद्र रॉय की समाज सुधारकता का पाठ, बंगाल के विकास के बारे में होता था। ये लोग पुरानी बातें सामने लायेंगे और बदनाम करने का प्रयास करेंगे। अपने वर्तमान पाप को छिपाने के लिए ऐसी बातें ढूंढ़ते रहते हैं।

## न्यूज रील्स

### भाजपा की सातवीं लिस्ट जारी, दो नामों का एलान

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में दो राज्यों के दो उम्मीदवारों के नाम हैं। महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा को टिकट दिया गया है। वहीं दूसरा नाम गोविंद करजोल का है, जो कर्नाटक के चित्रदुर्ग से चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा अब तक सात लिस्ट में 407 नामों का ऐलान कर चुकी है।

### महाराष्ट्र एटीएस चीफ सदानंद दाते एनआइए के नये डीजी होंगे

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी, नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप और पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ब्यूरो के अहम पदों पर नयी नियुक्तियों के आदेश दिये हैं। महाराष्ट्र एंटी टेररिजम स्क्वॉड के चीफ सदानंद वसंत दाते को एनआइए का डीजी, केरल कैडर के आइपीएस अफसर एस सुरेश को एसपीजी का एडीजी, उत्तर प्रदेश कैडर के आइपीएस ऑफिसर पीयूष आनंद को एनडीआरएफ और राजस्थान कैडर के आइपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी का जिम्मा दिया गया है।

### ममता और कंगना पर टिप्पणी करनेवाले नेताओं को नोटिस

कोलकाता/दिल्ली। चुनाव आयोग ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता कंगना रनोट पर टिप्पणी के लिए दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत ???को कारण बताओ नोटिस भेजा है। आयोग ने बुधवार को कहा कि दोनों नेताओं की टिप्पणियां अशोभनीय और गंदी थीं। चुनाव पैनल ने कहा कि दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं। दोनों को 29 मार्च की शाम तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

# चुनाव के नजदीक आने के साथ नेताओं का पाला बदलना बढ़ रहा

## झारखंड से रामटहल चौधरी और रवींद्र पांडेय कांग्रेस के संपर्क में

- पंजाब से आप के एकमात्र लोकसभा सांसद भाजपा में हुए शामिल
- जालंधर वेस्ट से आप विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ ही नेताओं का दलबदल भी बढ़ गया है। हर दल के नेता अपने भविष्य की तलाश में पाला बदल रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड के भाजपा के दो पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और रवींद्र पांडेय के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा तेज ही। उधर, पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के इकलौते सांसद और एक विधायक बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये।

**रवींद्र पहुंचे कांग्रेस मुख्यालय:** भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय कभी भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक वह दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। वह धनबाद लोकसभा सीट से टिकट चाहते हैं। कांग्रेस अगर उन्हें धनबाद से अपना उम्मीदवार बनाती है, तो संभव है कि वह पार्टी बदल लें। रवींद्र कुमार पांडेय गिरिडीह से पांच बार सांसद रहे हैं।

**रामटहल रांची के लिए भिड़ा रहे जुगत:** भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। रामटहल पांच बार रांची से सांसद रह चुके हैं। भाजपा ने 2019 में उन्हें टिकट नहीं दिया, तो वह निर्दलीय ही चुनाव मै दान में उतरे थे। इस बार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए प्रयासरत हैं। वह भी कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं से मिल चुके हैं। वह रांची से टिकट की जुगाड़ में हैं।


रामटहल चौधरी


रवींद्र पांडेय

### सुशील रिंकू और शीतल अंगुराल भाजपा के हुए



पंजाब में आम आदमी पार्टी को बुधवार को जबरदस्त झटका लगा। पार्टी के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गये हैं। रिंकू को पार्टी जालंधर से टिकट दे चुकी थी। उनके साथ ही जालंधर वेस्ट से आप विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में शामिल हुए। इससे पहले शीतल अंगुराल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

# जंगली सूअर का आंतक, सिमडेगा में लगी धारा 144

अब तक नौ लोगों को कर चुका है घायल, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता


**सिमडेगा।** जंगली सूअर के आतंक को देखते हुए सिमडेगा जिले की पिथरा पंचायत में धारा 144 लागू कर दी गयी है। जंगली सूअर अब तक नौ लोगों को घायल कर चुका है। साथ ही एक की जान भी ले चुका है। इस वजह से प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिथरा पंचायत में धारा 144 लगा दी है।

अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की ने आदेश जारी करते हुए निर्देश दिया है। इसके तहत पंचायत में पांच या पांच से अधिक लोगों को एक जगह नहीं जमा होने, ध्वनि-विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करने, हरवे हथियार या किसी तरह के अस्त्र-शस्त्र के साथ नहीं चलने तथा किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, रैली का आयोजन नहीं करने के निर्देश दिये गये हैं।



### जंगली सूअर की तलाश जारी

पत्र में आशंका व्यक्त की गयी है कि ग्रामीण जंगली सूअर को ढूंढ़ने अथवा भगाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में जान-माल की क्षति की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इधर वन विभाग अभी तक उक्त जंगली सूअर का पता नहीं लगा पाया है। वन विभाग के कर्मी सुबह से ही क्षेत्र में निकले हुए हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी एसएस चौधरी ने कहा कि ऐसी संभावना है कि ग्रामीणों ने जंगली सूअर को चोट पहुंचायी होगी, जिस कारण वह इतना आक्रामक हुआ।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 62,500 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में लोकसभा का टिकट पाने में क्यों पिछड़ रही हैं भाजपा कैडर की महिला नेता

## ■ भाजपा कैडर की एक भी महिला नेता को नहीं मिल पाया लोकसभा का टिकट

## ■ भाजपा के टिकट पर जो संसद पहुंची, वे दूसरे दलों से आयीं

## ■ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने अधिक महिलाओं को केंद्र की राजनीति में भेजा

**लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच झारखंड में एक सवाल बड़ी तेजी से उठ रहा है और वह सवाल यह है कि आखिर झारखंड में लोकसभा का टिकट पाने में भाजपा कैडर की महिला नेता क्यों पिछड़ रही हैं। इस बार भी भाजपा कैडर की महिलाओं के हाथ खाली ही रहे। इस बार भाजपा ने जिन तीन महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है, उनमें से किसी का भी मूल कैडर भाजपा नहीं है। इन महिलाओं में अन्नपूर्णा देवी, गीता कोड़ा और सीता सोरेन शामिल हैं। अन्नपूर्णा देवी राजद छोड़ कर भाजपा में आयीं, जबकि गीता कोड़ा कांग्रेस और सीता सोरेन झामुमो से भाजपा में आयी हैं। वैसे योग्यता, शालीनता और लोकप्रियता की कसौटी पर तीनों उम्मीदवार खरी उतरती हैं। सच तो यह है कि झारखंड भाजपा में टिकट देने के मामले में महिला उम्मीदवार बार-बार पिछड़ जाती हैं। जहां तक पार्टी को पल्लवित-पुष्पित करने का सवाल है, उसमें झारखंड भाजपा की नेता और कार्यकर्ता हमें अगली कतार में होती हैं। जुलूस, प्रदर्शन और सभा रैलियों की सफलता में ये बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। सपने को वह भी देखती होंगी संसद की देहरी पर पहुंचने का, लेकिन उनका यह सपना पूरा नहीं हो रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस और राजद का महिला नेताओं को टिकट देने का रिकॉर्ड भाजपा के मुकाबले अच्छा है। कांग्रेस ने तो सुमति उरांव, सुशीला केरकेट्टा और गीता कोड़ा को न केवल टिकट दिया, बल्कि उन्हें पार्टी की कमान भी सौंपी है। राजद ने भी कई महिलाओं को नेता बनाने के लिए उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इनमें कमला कुमारी से लेकर अन्नपूर्णा देवी तक शामिल रही हैं। लेकिन झारखंड में भाजपा की नेता महिला इकाई तक ही सिमट कर रह गयी हैं। हां, आशा लकड़ा जरूर अपवाद हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। झारखंड भाजपा की यह स्थिति तब है, जब राज्य की चार संसदीय सीटों पर महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं और जनजातीय समाज में महिला नेतृत्व की पुरानी परंपरा है कि यहां अधिकांश गंभीर आंदोलनों की कमान महिलाओं ने सफलतापूर्वक संभाली है। झारखंड भाजपा में महिला कैडरों की यह स्थिति क्यों है और निकट भविष्य में इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा खुद को आधी आबादी के हक की पक्षधर बताती है। उसने महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए पिछले साल सितंबर में नारी शक्ति वंदन विधेयक को दोनों सदनों से पारित भी कराया था। अखिल भारतीय स्तर पर भाजपा की महिलाओं के प्रति इस पक्षधरता से झारखंड में भाजपा की महिला कैडरों में आशा का संचार हुआ है। उन्होंने भी संसद की देहरी लांघने का सपना देखना शुरू कर दिया है। लेकिन फिलहाल उनका यह सपना हकीकत में धतराल पर नहीं उतर पाया है। हकीकत यह है कि झारखंड में आज तक भाजपा ने किसी ऐसी महिला नेता को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया है, जो मूल रूप से भाजपा की ही हों, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भाजपा को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचाने और पार्टी को संवारने में खपा दिया हो। ऐसा नहीं है कि झारखंड से भाजपा के टिकट पर महिला नेता संसद नहीं पहुंची। पहुंची हैं, लेकिन सच यही है कि उनमें कोई भी भाजपा कैडर की नहीं रही हैं। सबसे पहले भाजपा ने धनबाद से प्रो रीता वर्मा को लोकसभा का टिकट दिया, वह जीती थीं, लेकिन वह नेता के रूप में भाजपा में नहीं आयी थीं, बल्कि उनके साथ पति रणधीर वर्मा की शहादत की सहानुभूति थी। जमशेदपुर से आभा महतो भी भाजपा के टिकट पर सांसद चुनी गयीं, लेकिन उनका भी मूल कैडर भाजपा नहीं थी। उनकी सबसे बड़ी योग्यता यह थी कि उनके पति शैलेंद्र महतो कभी झामुमो के कद्दावर नेताओं में शुमार थे। झामुमो छोड़ शैलेंद्र महतो भाजपा में शामिल हो गये। झारखंड बनने के बाद भाजपा के टिकट पर सांसद चुनी जानेवाली पहली महिला अन्नपूर्णा देवी थीं, जो राजद छोड़ कर भाजपा में आयी थीं। इसमें कोई दो राय नहीं की अन्नपूर्णा देवी की लोकप्रियता शिखर पर थी। राजनीतिक शुचिता भी उनमें भरी है। योग्यता में भी वह किसी से कम नहीं हैं, लेकिन उनका भी राजद से आयीं, भाजपा कैडर वह कभी नहीं रहीं।

### क्या है 2024 का परिदृश्य

दरअसल, झारखंड के चुनावों में भाजपा को दूसरे दलों से आयी महिला नेताओं पर ज्यादा भरोसा करना पड़ रहा है। भाजपा ने झारखंड की कुल 14 लोकसभा सीटों में से 13 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इनमें तीन सीटों पर जिन महिला प्रत्याशियों का नाम घोषित किया है, वे सभी दूसरे दलों से आयी हैं। विधानसभा में भी भाजपा का यही हाल है।

इस समीकरण को समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त 14 में से 11 सीटें भाजपा ने जीती थीं। इसमें बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद की बेहद करीबी और झारखंड राजद की प्रदेश अध्यक्ष रहीं अन्नपूर्णा देवी का नाम शामिल था, जिन्होंने पूरे राज्य में सबसे ज्यादा वोट के अंतर से कोडरमा सीट पर जीत का रिकॉर्ड कायम किया था। इसका उन्हें इनाम भी मिला। वह मोदी कैबिनेट में राज्य मंत्री बन गयीं। 2024 के चुनाव में इस सूची में दो और महिलाओं का नाम जुड़ गया है। झामुमो से आयीं शिबू सोरेन की बड़ी बहू और जामा से विधायक रहीं सीता सोरेन को दुमका, तो कांग्रेस को सिंहभूम सीट जिताने वाली इकलौती सांसद रहीं गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम का प्रत्याशी बना कर राजनीतिक समीकरण को बदल दिया है। कहा जा सकता है कि यह समय की मांग है और भाजपा का यह फैसला पार्टी हित में है।

झारखंड के भाजपा नेता कह रहे हैं कि इस बार भाजपा देश में चार सौ का आंकडा पार करेगी, इसलिए उम्मीदवार चयन में अपना बेस्ट लगा रही है। लेकिन यह भी सच है कि भाजपा एक कैडर वाली पार्टी है। इस कैडर में पुरुषों के साथ-साथ महिला नेता भी समान रूप से कंधा से कंधा मिला कर चल रही हैं। पार्टी अनुशासन से चलती है और इस अनुशासन को बनाये रखने में महिला नेता समान रूप से भागीदार हैं, लेकिन आखिर कुछ तो बात है कि पार्टी अपनी महिला नेताओं को नेतृत्व प्रदान करने में हिचकिचा रही है। इसके दो कारण हो सकते हैं। एक तो यह कि पार्टी नेताओं को यह भरोसा नहीं हो रहा है कि टिकट देने से भाजपा कैडर की महिला जीत ही जायेंगी, या फिर यह कि योग्यता के पैमाने पर वह खतरा नहीं उतर पा रही हैं। उनमें कहीं न कहीं नेतृत्व क्षमता का अभाव है।



### आधी आबादी को हक के मामले में किसका पलड़ा भारी

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर कोडरमा से सिर्फ अन्नपूर्णा देवी की जीत हुई थी, जबकि कांग्रेस की टिकट पर सिंहभूम से गीता कोड़ा ने बाजी मारी थी। शेष 12 सीटों में से एक पर झामुमो, एक पर आजसू और 10 सीटों पर भाजपा के पुरुष प्रत्याशी जीते थे। लेकिन विधानसभा में आधी आबादी को भागीदारी मामले में भाजपा काफी पीछे है। झारखंड विधानसभा में कुल 12 महिला विधायक हैं। इनमें भाजपा की तीन महिला विधायक हैं, जिनमें पुष्पा देवी राजद से, तो अपर्णा सेनगुप्ता फॉरवर्ड ब्लॉक से आकर विजयी हुई हैं। एकमात्र नीरा यादव विधायक हैं, जो भाजपा कैडर की हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस की कुल चार महिला विधायक हैं। इनमें अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्णिमा सिंह के नाम शामिल हैं। सभी कांग्रेस कैडर की हैं। इसके अलावा झामुमो के पास चार महिला विधायक हैं। इनका पूरी परिवार कांग्रेस या कांग्रेसनीत राजनीति का झंडाबरदार रहा है। झामुमो की बेबी देवी, सबिता महतो, जोबा मांझी और सीता सोरेन का नाम शामिल हैं। ये सभी झामुमो कैडर की हैं। इसके अलावा एनडीए की सहयोगी आजसू से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता देवी उपचुनाव जीत कर विधायक बनी हैं। इस लिहाज से एनडीए के पास कुल चार, तो इंडी गठबंधन के पास आठ महिला विधायक हैं। आंकड़े बताते हैं कि विधानसभा में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने के मामले में भाजपा बहुत पीछे है। और अगर उसे सवालों से बचना है या हकीकत में आधी आबादी को सम्मान देना है, तो निकट भविष्य में उसे सिर्फ कथनी में नहीं, करनी में भी इसे सच साबित करना होगा।

इसके अलावा कांग्रेस और राजद ने तो पार्टी की कमान भी महिलाओं को सौंपी है। कांग्रेस ने सुशीला केरकेट्टा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था, जबकि गीता कोड़ा पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष थीं। अन्नपूर्णा देवी भी राजद की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। भाजपा ने अब तक किसी महिला को पार्टी की कमान नहीं सौंपी है। झारखंड की महिला नेता सिर्फ महिला इकाई तक ही सीमित रही हैं।

### झारखंड की महिला नेतृत्व का इतिहास

झारखंड के आदिवासी समुदायों में लड़कियों के जन्म को गोहार भरने के साथ जोड़ा जाता है। लड़कियां 'सयानी बेटी' के रूप में घर, परिवार और समाज में स्वीकार की जाती हैं। कन्या भ्रूण हत्या यहां न के बराबर है। अतः आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की सघन उपस्थिति देखी जाती है। आदिवासी स्त्रियों की नेतृत्व क्षमता को सिनगीदई से लेकर दयामनी बारला तक साफ तौर पर देखा जा सकता है। विद्रोहों और आंदोलनों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती थीं। तिलका मांझी की अगुवाई में चले विद्रोह में फूलमनी मझिआइन ने भी अंग्रेजी सभा का मुकाबला किया। 1831 ई. के कोल विद्रोह के समय सिंगराय बहनों ने अपनी निडरता का परिचय दिया। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, के नेतृत्व में हूल (विद्रोह) का आगाज किया गया था। संथाल हूल के समय सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की दो बहनों फूलो और झानो ने आंदोलनकारियों और विद्रोहियों के हौसला को बनाये रखा। बिरसा मुंडा के उलगुलान में महिलाएं भी शामिल थीं। बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं। 1930 के नमक सत्याग्रह के समय खूंटी के टाना भगतों की सभा में आधी संख्या स्त्रियों की थी। झारखंड आंदोलन में भी महिला नेत्रियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा कई जनांदोलनों में भी महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी है।

### झारखंड बनने के बाद चुनाव में महिलाओं की स्थिति

झारखंड बनने के बाद 2004 में हुए पहले चुनाव में 13 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरीं, लेकिन केवल एक को जीत मिल सकी। 2009 और 2014 में क्रमशः 14 और 18 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरीं, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी। बीते लोकसभा के चुनाव 2019 में झारखंड से सबसे अधिक महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में दावा ठोंका था। 2019 में राज्य से 25 महिलाएं चुनावी मैदान में थीं। इसमें दो महिलाएं जीत कर दिल्ली गयी थीं। झारखंड की चार सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है। ये सीटें हैं, सिंहभूम, लोहरदगा, राजमहल और खूंटी।

---

## पीएम मोदी ने संदेशखाली की पीड़िता सह भाजपा प्रत्याशी से की बात

# आप शक्ति स्वरूपा हैं: पीएम नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़िता रेखा पात्रा से फोन पर बात करते हुए उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' बताया। रेखा पात्रा को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने बशीरहाट से अपना उम्मीदवार बनाया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें फोन लगाया और उनसे विस्तार से बातचीत की। पीएम ने न केवल उनका हाल-चाल लिया, बल्कि चुनावी तैयारियों के बारे में कुछ सवाल भी किये। बातचीत के दौरान रेखा पात्रा से पीएम मोदी ने यह भी पूछा कि स्थानीय स्तर पर उनका चुनावी अभियान कैसा चल रहा है, वहां किस प्रकार की तैयारियां हैं, किस तरह उन्हें समर्थन मिल रहा है और वह इन सब चीजों के मद्देनजर क्या कर रही हैं।



### पीएम ने कहा था, संदेशखाली की लहर पूरे राज्य में फैल जायेगी

**राज्य के बारासात में छह मार्च को भाजपा की ओर से महिला सशक्तिकरण पर आयोजित रैली में पीएम मोदी ने दावा किया था कि यौन उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही संदेशखाली की महिलाओं की हालिया जागृति की लहर पूरे राज्य में फैल जायेगी। उन्होंने कहा था कि संदेशखाली में जो कुछ हुआ, उससे हर कोई शर्मिंदा है, लेकिन टीएमसी और राज्य सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।**

**पीएम मोदी से साझा किये संदेशखाली के कड़वे अनुभव :** बातचीत के दौरान रेखा पात्रा ने पीएम को यह भी बताया कि संदेशखाली इलाके में महिलाओं को किस प्रकार अत्याचार और कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात करते हुए रेखा पात्रा ने कहा, पीएम मोदी जी बहुत अच्छा लगा। आपका हाथ मेरे सिर पर है। संदेशखाली की पीड़ित मां-बहनों के सिर पर प्रधानमंत्री का हाथ है। आप हमारे लिए तो भगवान समान हैं। लग रहा है कि प्रभु श्रीराम जी हमारे साथ हैं।

इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा, माताओं-बहनों का हाथ तो मेरे सिर पर है। मुझे आपका मैसेज मिला था। मैं जहां तक हो सके, भाजपा कार्यकर्ताओं से बात करने की कोशिश करता हूं। पीएम ने पूछा, मैं जानता हूं कि आप बंगाल की विपरीत राजनीतिक परिस्थिति में प्रचार कर रही हैं। जब आपका नाम बशीरहाट के उम्मीदवार के तौर पर घोषित हुआ, वहां क्या माहौल था? इस पर रेखा पात्रा ने कहा, हमारे साथ जो दुर्घटना घटी थी, वह बहुत ही दुर्भाग्यशाली है। हम सिर्फ संदेशखाली की मां-बहन नहीं हैं। हम बशीरहाट की मां-बहनें सभी एक साथ हैं। हम चाहते हैं कि संदेशखाली के आरोपी को सजा मिले। हम लोग 2011 से वोट नहीं दे पाये। अब वोट देना चाहते हैं। इससे संदेशखाली की मां-बहन खुश होंगी। टीएमसी की कुछ महिलाओं ने इसका विरोध किया। बाद में उन्होंने भी मान लिया कि उन्होंने विरोध टीएमसी के कहने पर किया। उनसे हमारी दुश्मनी नहीं है।

**संदेशखाली में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करायेगा आयोग :** भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने क्षेत्र की स्थिति के कारण 2011 से मतदान नहीं किया है। इस पर पीएम मोदी ने आश्वासन दिया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करायेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि हर कोई मतदान कर सके। रेखा पात्रा ने कहा, संदेशखाली में अब बदलाव की उम्मीद है। टीएमसी नेताओं ने मेरे साथ जो भी किया है, उनके साथ भी हो रहे अन्याय के खिलाफ मैं लड़ूंगी। पीएम मोदी ने इस हिम्मत के लिए रेखा पात्रा की तारीफ की।

बशीरहाट में रेखा पात्रा का मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम से होगा। 2019 में इस सीट से नुसरत जहां टीएमसी के टिकट पर सांसद चुनी गयी थीं, लेकिन इस बार उनका टिकट काट दिया गया है। बशीरहाट से टिकट के लिए रेखा पात्रा का नाम भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने आगे बढ़ाया था।

**संदेशखाली में औरतों के आंदोलन का चेहरा थीं रेखा पात्रा :** भाजपा उम्मीदवारों की 24 मार्च को आयी पांचवीं सूची में रेखा पात्रा का नाम था। वह संदेशखाली में महिलाओं के आंदोलन का चेहरा बनी थीं।

---

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस दर्ज

## वीणा विजयन की आइटी कंपनी को मिले 1.72 करोड़ रुपये का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोच्ची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा के खिलाफ पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया है। उन पर एक मिनिरल फर्म के साथ गैरकानूनी लेन-देन का आरोप है। इस मामले में एसएफआइओ ने शिकायत ने दर्ज की थी। ये मामले आयकर विभाग की जांच में सामने आया था। जांच में पता चला कि कोच्चीन मिनिरल्स रूटाइल लिमिटेड ने वीणा की कंपनी एक्सालोजिक्स सॉल्यूशंस को 2018-19 के बीच में 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जबकि उस समय ये आइटी फर्म कोई सर्विस नहीं मुहैया करवा रही थी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई पर विवाद के बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी की आइटी फर्म के साथ विवादास्पद खनन फर्म के साथ वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू की है।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसआइएफओ) पहले से ही उन लेनदेन की जांच कर रहा है, जिन पर कथित तौर पर अनुचित लाभ लेने का आरोप है। केरल में अलाप्पुझा और कोल्लम के तटीय क्षेत्रों से खनिज रेत खनन के लिए केरल सरकार की खनन फर्म है।

कांग्रेस के विपक्षी नेता वीडी सतीसन ने कहा कि भले ही इडी ने केरल में सीपीआइ (एम) सरकार और सीपीआइ (एम) नियंत्रित सहकारी बैंकों के खिलाफ कई जांच शुरू की है, लेकिन वास्तविक दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।



### इडी की कार्रवाई पर बिफरी माकपा

**दूसरी ओर, सीपीआइ (एम) ने इडी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सीपीआइ (एम) ने कहा कि इडी भाजपा की एजेंसी के रूप में काम कर रही थी। दूसरी ओर, कांग्रेस का कहना है कि ताजा कदम केरल में सीपीएम-बीजेपी सांठगांठ को कवर करने के लिए सिर्फ एक स्टंट था।**




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर कसा तंज, कहा

# अवसरवादी नेताओं का बेमेल गठबंधन है इंडी अलायंस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तरीखों का एलान होते ही इंडी गठबंधन और भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही पक्ष और विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर भाजपा के तमाम बड़े नेता पहले भी इंडी गठबंधन पर निशाना साध चुके हैं। अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया एक्स के जरिये इंडी अलायंस पर निशाना साधते हुए इस गठबंधन को अवसरवादी नेताओं का बेमेल गठबंधन करार दिया है।



**बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की वीडियो :** दरअसल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो के ऊपर में लिखा है कि इंडी अलायंस में सिद्धांत और संस्कार की राजनीति नहीं है। यह स्वार्थी और अवसरवादी नेताओं का बेमेल गठबंधन है। वीडियो के अंत में लोगों से सवाल पूछते हुए कहा गया है कि क्या आपको लगता है कि ये अपने बीच दूल्हा चुन पायेंगे? प्रधानमंत्री कैसे चुनेंगे? इसके बाद खानदानी लुटेरों की कोशिश होगी बेकार। अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है।

### झामुमो-कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची कभी भी जारी हो सकती है

गौरतलब है कि भाजपा ने झारखंड की 13 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, इंडी इंडिया गठबंधन की ओर से अभी प्रत्याशियों की घोषणा होनी बाकी है। जानकारी के अनुसार झामुमो, राजद, कांग्रेस और वाम दलों का गठबंधन भी जल्द ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगा। इन दलों के बीच सीटों का प्रारूप तय हो गया है। इसके मुताबिक सबसे अधिक सीटों सात सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा झामुमो पांच सीटों, राजद और वाम दल एक सीट सीट पर चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, अंदरखाने से मिली सूचना के मुताबिक राजद राज्य में दो सीटों चतरा और पलामू की मांग कर रहा है।

## बिहार के लिए स्टार प्रचारकों में दीपक प्रकाश शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार में इस बार भी पहले की तरह सात चरणों में वोट डाले जायेंगे। लोकसभा चुनाव के मामले में 40 सीटोंवाले इस महत्वपूर्ण राज्य के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों के नाम तय कर लिये हैं। इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ झारखंड से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद तथा बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री एनएन त्रिपाठी को भी जगह दी गयी है। श्री प्रकाश ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए आशा व्यक्त की है कि इस बार भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिल कर बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर विजय हासिल करेगी। देश भर में 400 के आंकड़े को पार करेगी। साथ ही तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

दीपक प्रकाश और एनएन त्रिपाठी के अलावा विधायक निक्की हेंब्रम (विधायक, कटोरिया, बिहार) का भी कनेक्शन झारखंड से है। उनका मायके चाइबासा में है। वह एसटी मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री हैं और झारखंड की प्रभारी भी हैं।

## सोमवार से बदल जायेगा सिविल कोर्ट में कामकाज का समय

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार यानी 1 अप्रैल से राज्यभर की जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जायेगा। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में डे कोर्ट में सुनवाई हो रही है। लेकिन यह व्यवस्था सोमवार से बदल जायेगी। रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में 1 अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जायेगी। झारखंड हाइकोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी।

## बर्खास्त कर्मचारी को झारखंड हाइकोर्ट ने 19 वर्ष का वेतन देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के उद्योग विभाग के द्वारा बर्खास्त किये गये कर्मचारी को 19 साल का लंबित वेतन देने का निर्देश दिया है। दरअसल भावेश कुमार झा को उद्योग विभाग के अधीनस्थ हथकरघा, रेशम और रेशम उत्पादन विभाग में 1984 में पायलट प्रोजेक्ट सेंटर में क्लर्क-कम-कैशियर के पद पर नियुक्त किया गया था। नौकरी पर रहने केकई वर्षों बाद याचिकाकर्ता (भावेश कुमार झा) को कारण बताओ नोटिस जारी कर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गयी।

**2007 में कर्मचारी की सेवा खत्म कर दी गयी :** वर्ष 2007 में उसकी सेवा खत्म कर दी गयी।




सेवा खत्म किये जाने के खिलाफ भावेश ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को नौकरी से निकाले जाने का फैसला सही नहीं है।

हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच ने इस मामले में दिये गये अपने आदेश में कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ता ने 1998 से 2017 तक काम नहीं किया, लेकिन जिस मामले में यह पाया जाता है कि कर्मचारी की कोई गलती नहीं है, फिर भी उसे नौकरी से निकाल दिया गया, तो वह वेतन पाने का हकदार है।

























# अवैध महुआ शराब ठिकानों पर चलाया गया छापामारी अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के कटैया जंगली इलाकों में चल रहे अवैध महुआ शराब की आधा दर्जन मिनी शराबभट्टी को नवादा व कोडरमा उत्पाद विभाग के साथ साथ सतगावां पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ध्वस्त किया। सतगावां पुलिस के अनुसार उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कटैया पंचायत के विभिन्न जंगलों में आधा दर्जन अवैध महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। वहीं लगभग 4000 किलोग्राम जावा महुआ के साथ साथ 150 लीटर देशी शराब के अलावे शराब निर्माण करने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि कटैया पंचायत के जंगलों में अवैध महुआ शराब के आधा दर्जन भट्टी को ध्वस्त किया गया। मामले को लेकर 2 अज्ञात लोगों के विरुद्ध उत्पाद विभाग के द्वारा मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान में नवादा व कोडरमा उत्पाद विभाग के अलावा दर्जनों जवान शामिल थे।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना क्षेत्र के बलोदर में सड़क और पूल निर्माण करने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने वाले पांच अपराधियों को धर दबोचा है।

पांच अपराधियों में 3 अपराधियों को बड़कागांव के बलोदर से तथा दो अपराधियों को कोडरमा जिला के जयनगर से पकड़ा है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से देशी कट्टा, रायफल की गोली, समेत अन्य सामान भी बरामद हुआ है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया की गत 14 मार्च को ज़िले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के बलोदर गाँव में पक्की सड़क एवं पुल निर्माण कार्य कर रहे लाल कंस्ट्रक्शन में लगे जेसीबी को अज्ञात अपराधियों के द्वारा जलाने का प्रयास कर गोली फायरिंग भी किया गया था। घटना के उपरांत घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ बड़कागांव के नेतृत्व में थाना प्रभारी बड़कागांव मुकेश कुमार सिंह, थाना रिजर्व गार्ड एवं विशेष छापामारी दल का गठन किया।



अपराधियों के धर पकड़ के लिए विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को धर दबोचा। जिनमें सुलेन्द्र गंझू, एरियल सिंह भोक्ता उर्फ एरियल गंझू उर्फ बल्लू भोक्ता, राजेश गंझू उर्फ बंधन गंझू, सभी जिला-हजारीबाग को बड़कागांव थाना क्षेत्र के बलोदर से गिरफ्तार किया गया है। इनके निशानदेही पर सुनिल यादव और प्रिंस कुमार सिंह दोनों को कोडरमा जयनगर थानान्तर्गत उनके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही कहा कि शेष अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान जारी है।

छापेमारी में देसी कट्टा 02 नग, 303 राईफल का गोली 7 पीस, 315 का जिंदा गोली 5 पीस, धमकी में प्रयुक्त मोबाइल 1 पीस बरामद किया गया।

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, कुलदीप कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, दारू थाना प्रभारी सफीक खान, ईचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार के अलावा थाना रिजर्व गार्ड एवं विशेष छापामारी दल शामिल थे।

## इंदरवा से 14 चक्का ट्रक चोरी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा निवासी जितेंद्र साव ने मंगलवार को कोडरमा थाना में आवेदन देकर अपनी 14 चक्का ट्रक संख्या जेएच 12 के 9509 के चोरी होने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उनकी ट्रक 24 मार्च से इंदरवा शिव मंदिर के समीप खड़ी थी। 26 मार्च की सुबह उन्होंने वहां से अपने ट्रक को गायब पाया। इसके बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी ट्रक का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने अज्ञात चोरों पर ट्रक चोरी करने की आशंका व्यक्त करते हुए कोडरमा पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## ट्रेलर और बाइक में टक्कर, दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत चादगर पुल के समीप बुधवार को ट्रेलर वाहन और बाइक के बीच टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। सदर अस्पताल में इलाजरत घायल कोडरमा के शिव मोहल्ला निवासी मनोज कुमार पंकज ने बताया कि वह डोमचांच प्रखंड में रोजगार सेवक के रूप में कार्यरत हैं। बुधवार को वह अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। इस दौरान डोमचांच की तरफ से आ रही। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें वह घायल हो गए जबकि उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सड़क के किनारे जाकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे ट्रेलर का चालक घायल हो गया। जिसकी पहचान मिथिलेश के रूप में हुई है। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## दो पक्ष में हुई मारपीट में कई लोग घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बच्छेडीह में होली के दिन आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। वही मारपीट होने की सूचना नवलशाही थाना पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा मामला को शांत कराते हुए मारपीट कर रहे राजू यादव पिता केदार यादव, अमित यादव, सुमित यादव दोनो के पिता बीरबल यादव तथा विजय यादव पिता बालेश्वर यादव को गिफ्तार कर नवलशाही थाना ले आए। वही मारपीट में गंभीर रूप से घायल सुधीर यादव (उम्र 25 वर्ष, पिता केदार यादव, विकास यादव उम्र 26 वर्ष पिता मोहन यादव), रामेश्वरी देवी (उम्र 40 वर्ष, पति दूलाकी यादव), दूलाकी यादव (उम्र 45 वर्ष, स्व नारो यादव) की स्थित देखते हुए नवलशाही पुलिस ने कोडरमा सदर अस्पताल भेजवाया। जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा दुलाकी की स्थित गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना को लेकर दोनो पक्षों द्वारा नवलशाही थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। दिए गए आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपी राजु यादव, अमित यादव, सुमित यादव तथा विजय यादव को गिरफ्तार कर कोडरमा न्यायालय भेज दिया।

## मारपीट और आपसी विवाद में कई लोग घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के होली खेलने के दौरान कटैया गावां में जातीय समीकरण बिगड़ा जिसके बाद झड़प में कई घायल हो गए। इसके अलावा ईटाय, डेबोडीह, रामशाला, बासोडीह आदि स्थानों में भी होली खेलने के दौरान आपसी मारपीट की कई घटना हुई है। जिसमें कटैया पंचायत के ढाब गांव में घटी। बिनोद यादव, सुधीर कुमार, विपिन कुमार व राकेश कुमार, सचिन कुमार, रूपेश कुमार अन्य के बीच जमकर मारपीट हुई।इसी दौरान बिनोद यादव (35 वर्ष) को पेट में चाकू लगने से बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं सुधीर कुमार 22 वर्ष को माथा में चाकू लगने से घायल हो गया। साथ ही साथ विपिन कुमार 28 वर्ष, राकेश कुमार 24 वर्ष, सचिन कुमार 23 वर्ष, रूपेश कुमार 28 वर्ष भी घायल हो गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद कोडरमा रेफर किया गया। ईटाय गांव में मारपीट के दौरान अरविंद मिस्त्री 45वर्ष घायल हो गया। हालांकि होली में विशेष सतर्कता रखने के बावजूद भी डेबोडीह, रामशाला, बासोडीह आदि स्थानों में छुटपुट के दर्जनों घटनाएं सामने आए। घटना स्थल पर बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बडाईक, थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

# उपायुक्त ने प्रिंटर और मुद्रक प्रकाशक के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में चुनाव प्रचार की सामग्री के प्रकाशन के संबंध में प्रिंटर, मुद्रक, प्रकाशक के साथ बैठक हुई। उपायुक्त ने बताया कि धारा 127 (ए) आर.पी एक्ट 1951 के तहत निर्वाचन प्रक्रिया के दरम्यान मुद्रित, प्रकाशित की जाने वाली चुनाव प्रचार सामग्री यथा पोस्टर, पंपलेट, हैंडबिल आदि पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम एवं पता आवश्यक रूप से लिखे होने चाहिए। धारा 171 (एच) के तहत उम्मीदवार के अनुमति के बिना कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। मुद्रित की गई चुनाव प्रचार सामग्री की एक प्रति मुद्रक द्वारा जिला अधिकारी को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि धारा 127 (ए) आरपी एक्ट 1951 के तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी चुनाव पंपलेट या पोस्टर को मुद्रित या प्रकाशित नहीं कराएगा, जिला पर मुद्रक का नाम और पता अंकित न हो। प्रावधान का उल्लघंन करने पर छह महीने तक की कैद की सजा या दो हजार रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत प्रिंटर, मुद्रक, प्रकाशक मौजूद रहे।




## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के हदारी गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में पदमा के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।घटना मंगलवार नौ बजे रात घटी। मृतक की पहचान पदमा के महकोल (बिहारी) कांकरोल निवासी विजय मेहता 33 वर्ष पिता नागेश्वर उर्फ बटौरी महतो के रूप में हुई है। युवक अपनी बाइक से ससुराल बरवां गांव से वापस माहकोल बिहारी अपना गांव लौट रहा था। इस दौरान हदारी मोड़ के पास बाइक से नियंत्रण खोते हुए घर के पक्का दीवाल में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मृतक विजय दो भाइयों में बड़ा था। वह परिवार और बच्चो के साथ मुंबई में रहता था। होली में घर आया था।

# युवक का शव कुआं से बरामद, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र के चट्टीबरियातु पंचायत के पगार गांव निवासी रामजीत महतो (उम्र लगभग 30 बर्ष) को मंगलवार को सुबह 8 बजे घर के लगभग 250 मीटर के दूरी दिगेश्वर सिंह के कुआं से झागर से शव को निकला गया। बताया जाता है कि मृतक युवक अपने घर से सोमवार की देर शाम से ही लापता था। उसके परिजनों ने अपने सगे सम्बन्धी में काफी खोज बीन किये पर उपर्युक्त युवक कही नही मिला। फिर गांव के उसके साथ रहने वाले लोगो को पूछताछ किया गया। तब साथ मे रहने वाले लोगो ने बताया कि इस रास्ते से हमलोगों के पास से उन्होंने लगभग 8 बजे रात में गया थो तब सभी ग्रामीणों ने मिलकर रास्ते वाले कुआं में झागर डूबा कर देखा तो झागर के साथ शव निकला। जिसे ग्रामीणों ने कई बात कह रहे है कि किसी को कहना है कि कोई ने मार कर कुआं में डाल दिया गया है,तो किसी को कहना है कि रास्ते मे कुआं रहने के कारण किसी तरह डूब गया होगा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसको लेकर मृतक के बड़े भाई किशन महतो ने थाना में अज्ञात लोगों पर लिखित आवेदन दिया है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि इस के विषय पुलिस जांच पड़ताल जुटी हुई है।

# प्रवासी मजदूर सद्दाम का शव पहुंचा पैतृक गांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला निवासी प्रवासी मजदूर सद्दाम अंसारी पिता रजाक मियां 30 वर्ष का शव पहुंचते ही उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। लोगों के मुताबिक मृतक पेशे से ड्राइवर था और अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ मुंबई में रहकर कार्य रहा था। कार्य के दौरान दुर्घटना होने से उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को एम्बुलेंस से पैतृक गांव कोनहारा कला लाया गया। खबर पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं शव पहुंचते ही उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गयी। गांव में मातम पसर गया। मौके पर रहमत अंसारी, मंसूर अंसारी, कलाम अंसारी, जीवन यादव, इलियास अंसारी, सहबान अंसारी, सराफत मियां, लतिफ मियां समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वीप कोषांग द्वारा जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के प्रति जागरूक करने पर चर्चा किया गया। झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की सखी दीदीओं ने मतदाता शपथ कर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्वीप गतिविधि के तहत चुनाव संबंधित रंगोली, वॉल पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

# झामुमो के स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** बुधवार को चुरचू प्रखंड के चरही ओवर ब्रिज के पास झामुमो का स्थापना दिवस 4 अप्रैल को मनाने को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता चुरचू प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष बलकुमार महतो किया वही संचालन आनंद मरांडी ने किया । बैठक में कहा गया कि इस बार झामुमो का स्थापन दिवस बहुत ही धूमधाम से गांधी मैदान मटवारी में मनाया जाएगा। वही बैठक में सभी वक्ताओं ने बारी बारी से अपनी बातों को रखने का काम किया और कहा कि इस लोकसभा में इंडिया गठबंधन का उमीदवार जो भी होंगे उनको ज्यादा से ज्यादा वोट से जीत हासिल करेंगे जो हमारे नेता का निर्णय होगा हमलोगो सर्वमान्य होगा। वही मुख्य रूप से उपस्थित हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया हजारीबाग झामुमो जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो संयोजक मंडली सदस्य रविंद्र कुमार केंद्रीय अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू ,प्रखंड सचिव आनंद मरांडी, प्रखंड कोषाध्यक्ष मजफरुल अंसारी,चुरचू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो चुरचू प्रखंड प्रवक्ता वारिस अंसारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी राम मांझी दिनेश्वर रविदास, कुर्बान अंसारी ,तामीर अंसारी, बोबीह करीम, दिलेश्वर महतो, बिखन महतो, जसो देवी, महालाल हंसदा,जरबा पंचायत अध्यक्ष सुखदेव महतो सचिव अनिल महतो साथ ही आठो पंचायत के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उपविकास आयुक्त ने स्वीप कार्यक्रम में चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपविकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालन को लेकर मिठाई विक्रेता, उद्योगिक ईकाई, शॉपिंग मॉल व अन्य लोगों के साथ बैठक किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान दिवस है, इस हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित करें। मिठाई वाले डिब्बों में मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर घर घर तक 20 मई 2024 को मतदान दिवस को पहुंचायें। साथ ही औद्योगिक ईकाई, शॉपिंग मॉल शेल्फी प्वाइंट लगाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलायें। इस मौके पर मिठाई विक्रेता, उद्योगिक ईकाई, शॉपिंग मॉल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार तीन शिक्षक हुए घायल, एक गंभीर




**दारु/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा मे बुधवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को अपने चपेट मे ले लिया। इससे स्कूटी में सवार एक महिला शिक्षिका व दो अन्य शिक्षक घायल हो गये। घायलों की पहचान दारू थाना क्षेत्र के ही पेटो निवासी हेमंत कुमार पिता महेंद्र राम व बक्शीडीह निवासी तालेश्वर राम व उनकी पुत्री रबीना कुमारी के रूप में किया गया। स्थानीय लोगों ने तीनो घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। जहां हेमंत की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने रांची रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार तीनो घायल टाटीझरिया में एक निजी विद्यालय में पढ़ने जा रहे थे। इसी बीच जबरा के पास एक अज्ञात वाहन बगोदर से हजारीबाग की ओर जा रहा था । वाहन अनियंत्रित होकर स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया।इससे स्कूटी पर सवार लोग घायल हो गए एवं स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद पहुंचे लोगों की सहायता से सभी को।इलाज के लिए सदर अस्पताल एवं आरोग्यम अस्पताल मे भर्ती किया गया। घायल तालेश्वर पासवान की छाती की हड्डी टूट गयी है जबकी उनकी बेटी रबीना के माथे मे चोट आयी है । हेमंत के चेहरे, नाक और माथे पर गंभीर चोट है। दुर्घटना के बाद चार पहिया वाहन मौके से फरार हो गया । दारु थाना ने मौके पर पहुंचकर स्कूटी को अपने कब्जे मे ले लिया।

# लिटिल फ्लावर विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो पंचायत स्थित पेसरा गांव में लिट्ल फ्लावर विद्या मंदिर पेसरा का सत्र 2023-24 का परीक्षाफल का परिणाम बुधवार को जारी किया गया। वर्ग सप्तम में प्रथम स्थान निरज कुमार द्वितीय स्थान कुमार प्रतीक एवं तृतीय स्थान आशीष कुमार को प्राप्त हुए। चतुर्थ वर्ग से प्रथम स्थान अनमोल कुमारी, द्वितीय स्थान अभिषेक कुमार, एवं तृतीय स्थान पर दीपक कुमार रहे , वहीं तृतीय कक्षा से प्रथम स्थान निकिता कुमारी, द्वितीय स्थान रौशनी कुमारी, तृतीय स्थान कौशल्या कुमारी को प्राप्त हुए। द्वितीय कक्षा में प्रथम स्थान आदित्य कुमार, द्वितीय स्थान हिमांशु कुमार, वहीं तृतीय स्थान पर अजय कुमार रहे, प्रथम वर्ग से प्रथम स्थान पर लक्ष्मण कुमार, द्वितीय स्थान पर रूपा कुमारी, एवं तृतीय स्थान पर पिन्टु कुमार रहे वहीं यूकेजी से प्रथम स्थान आयूष कुमार द्वितीय स्थान पियूष कुमार, तथा तृतीय स्थान पर रितिका कुमारी रही, कक्षा एलकेजी से प्रथम स्थान प्रियेश कुमार, द्वितीय स्थान पर सागर कुमार और सुशील कुमार त्रितीय स्थान पर रहे एवं प्ले और नर्सरी के बच्चों का भी परीक्षा फल परिणाम शत प्रतिशत रहा। मौके पर विद्यालय निदेशक मंजु कुमारी ने बतायी कि इस बार सभी छात्र छात्राओं का परीक्षाफल का नतीजा शत प्रतिशत रहा। वहीं उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चो के अभिभावकों को दिया। साथ ही लिट्ल फ्लावर विद्या मंदिर के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एवं सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें और अधिक कड़ी मेहनत करने का सलाह दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# बाइक सवार युवक घायल, रिम्स रेफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** मंगलवार को हजारीबाग बगोदर मार्ग स्थित अलपिटो पेट्रोल पम्प के समीप बगोदर की ओर से आ रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उसे अलपिटो के ग्रामीणों ने विष्णुगढ़ सीएचसी भेजवाया।जहां प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के उपरैली मुर्गाओ के विदेशी राम का पुत्र भेखलाल रविदास बताया गया।

# वनांचल कोंटास्ट पावर प्लांट में मजदूर की गला रेत कर हत्या

## घटना होली की शाम की, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला के हेमतपुर गांव स्थित वनांचल कॉन्कास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मजदूर विपत भारती 24 वर्ष की निर्मम हत्या होली के दिन सोमवार को कर दी गयी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। विपत मूल रूप से झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जुड़ी गांव का रहने वाला है। वह इस फैक्ट्री में कई महीनों से बरिमेंन में मजदूरी का काम करता था। घटना के बाद देर शाम से ही ग्रामीणों का जुटना शुरू हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि होली में सभी मजदूर होली मना रहे थे। कई मजदूर फैक्ट्री के लॉज के छत में चले गये। छत में विपत फोन से बात करने लगा। फोन से बात करने के दौरान बिहार छपरा निवासी मंजय कुमार के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बिहार के युवक ने विपत पर धारदार चाकू से

- दिन भर हंगामा के बाद सात लाख मुआवजा राशि परिजनों को दी गयी
- गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी गोला थाना पहुंचे परिजनों का ढांढस बढ़ाया



हमला कर दिया। उसके सीने में ओर गला में धारदार हथियार से हमला कर दिया। बताया गया कि हमला के बाद घायलावस्था में विपत घंटो तड़पता रहा। लेकिन उसे सही समय में अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। करीब एक घंटे बाद फेक्ट्री प्रबंधन व पुलिस की मदद से उसे घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से उसे सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर किया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं जेबीकेएसएस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों के साथ मिलकर फैक्ट्री गेट को जाम कर दिया और मृतक युवक के स्वजनों के लिए उचित मुआवजा की मांग करने लगे। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन के अधिकारी डर से लगी भीड़ के समक्ष नहीं पहुंचे। फैक्ट्री प्रबंधन से कोई समझौता नहीं होने पर दूसरे दिन मंगलवार को भी जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता फैक्ट्री गेट के समक्ष मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। जिसके बाद मृतक के परिजन व जेबीकेएसएस के कार्यकर्ताओं के समक्ष मृतक के परिजनों को आठ लाख रुपये मुआवजा देने की बात पर सहमति बनी। फैक्ट्री प्रबंधन ने उक्त दिन को ही मृतक की पत्नी प्रियंका देवी व अन्य परिजनों के समक्ष पचास हजार रुपये नकद दिया गया। बाकी का सात लाख पचास हजार रुपया बुधवार को (7,50,000) रुपये देने की बात फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कही गई। मृतक के स्वजनो ने शव को लेकर चतरा लौट गए। इधर सूचना पर गिरिडीह सांसद मजदूर के पोस्टमार्टम में सदर अस्पताल पहुंचे। साथ ही गोला थाना पहुंच कर पुलिस पदाधिकारीयों से घटना के संबंध में जानकारी ली।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा सिरका निवासी पीड़िता ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराई है। इस मामले में बताया गया है कि अपने ही गांव के नामजद तीन व्यक्ति के विरुद्ध रात्रि में उनकी नाबालिक पुत्री के साथ बहला फुसला कर घर के बगल में जंगल में ले जाकर छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दी है। इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 81/24 धारा 376(डी)/354(बी)/504/366 /363 भादवि एवं 6/8 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर कांड के अभियुक्त के विरुद्ध छापामारी कर प्राथमिक की दर्ज होने के 2 घंटे के अंदर तीनों प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही पीड़िता का चिकित्सा के जांच एवं धारा 164 के तहत ज्ञान दर्ज कराने हेतु अग्रसर कार्रवाई की जा रही है।

### ये हुए गिरफ्तार

मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड में शामिल अरगड्डा सिरका निवासी डब्लू भुइयां पिता कैलाश रविदास, दीपक भुइयां पिता खीरु भुइयां एवं आकाश कुमार पिता महेंद्र रविदास शामिल है।

**छापामारी दल में ये थे शामिल :** छापामारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार, राजेश मुंडा, आईएसआई सुजीत कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह सहित रामगढ़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।


भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक 26.03.2024

शुद्धिपत्र –V

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 02.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.04.2024 को स्थगित कर 02.05.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड, दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

920/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्व तट रेलवे

डिपो एवं मंडल के लिए मार्च-2024 हेतु ई-नीलामी कार्यक्रम में संयोजन

मार्च, 2024 के लिए वर्तमान ई-नीलामी कार्यक्रम में खोरधा रोड मंडल हेतु दिनांक 28.03.2024 का संयोजन

| महीना | मुख्यालय/मंडल | तारीख |
|---|---|---|
| मार्च - 2024 | खोरधा रोड मंडल | 28.03.2024 |

रेलवे प्रशासन के पास ई-नीलामी में अन्य सामग्रियों को भी शामिल करने की स्वतंत्रता है तथा सामग्रियों का सम्पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें नीलामी सूचीपत्र के अनुसार होगी, जो पूर्व तट रेलवे के संबंधित नीलामी संचालनकारी प्राधिकारी के पास अथवा हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे।

PR-1205/O/23-24 प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर


## पैंकी में 13 अप्रैल को मनेगी मंडा पूजा

कुजू (आजाद सिपाही)। पैंकी प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में मंडा पूजा मनाने लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो ने की। बैठक में प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में आगामी 13 अप्रैल को धूमधाम के साथ मंडा पूजा का भव्य आयोजन करने पर ग्रामीणों की सहमति बनी। तत्पश्चात पूजा के सफल संचालन के लिए ग्रामीणों ने एक कमेटी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दामोदर महतो, उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो और तेजपाल महतो, सचिव भोला महतो, उपसचिव चितरंजन महतो, देवलाल महतो और धनु कुमार, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, उपकोषाध्यक्ष जयपाल महतो, संगठन सचिव सैयनाथ महतो और नीलकंठ महतो, उपसंगठन सचिव अशोक महतो और नागेश्वर महतो, का चयन किया गया।

# बच्चे की हत्या कर शव को फेंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** थाना क्षेत्र के मुरपा गांव में होली का त्यौहार जश्न के जगह मातम में बदल गया। पुरानी दुश्मनी के कारण एक युवक ने एक बच्चे की पत्थर से कुचकर निर्मम हत्या कर बंदा के जंगल में फेंक दिया। घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि आरोपी युवक सूरज कुमार महतो पिता सूली महतो उर्फ सुलेन्द्र महतो ने होली मनाने के बहाने कोराम्बे निवासी रवि कुमार पिता शंकर महतो उम्र 14 वर्ष कों बगल में स्थित बंदा के जंगल ले गया। इसके बाद आरोपी युवक ने पीछे से पत्थर से हमला कर पहले उसे घायल कर दिया। फिर दूसरे पत्थर से उसके माथे पर हमला कर हत्या कर दिया। सबूत छिपाने के इरादे से जंगल के अंदर झाड़ी में ढक कर रख दिया था। काफी खोजबीन करने के बाद भी गायब बच्चा का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद मृतक बच्चे के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना में 25 मार्च कों आवेदन दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कों तुरंत गिरफ्तार कर लिया। फिर कड़ाई से पूछताछ करने के बाद आरोपी युवक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए शव के स्थान का ठिकाना बताया। पुलिस ने बताये स्थान पर 26 मार्च की रात करीब दस बजे पहुंची। काफी खोजबीन करने के बाद जंगल के एक झाड़ी से शव कों बरामद किया। मृतक का साइकिल, हत्या में प्रयुक्त खून से लगा हुआ दो पत्थर, मृतक का चप्पल और खून से सना हुआ मिट्टी कों जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बुधवार कों शव कों पोष्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही आरोपी युवक कों प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**टीम में ये थे शामिल :** छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, सुरेश लिंडा, नवीन प्रकाश पांडेय, थाना प्रभारी हरिपद टुडू, अमित कुमार, सरबक्स सिंह सिंधु, निरंजन कुमार सिँह, गिरीश प्रसाद महतो सहित सदल बल शामिल थे।






(फाइल फाटो) रवि कुमार

### दो दिनों तक आरोपी ने नहीं खोली जुबान

घटना में शामिल आरोपी सूरज कुमार महतो ने पुलिस के पूछताछ के बाद भी दो दिनों तक अपनी जुबान नहीं खोली थी। लेकिन जैसे ही पुलिस ने कड़ाई से पेश आने लगा तो आरोपी ने हत्या की बात स्वीकारते हुए शव के स्थान का पता बता दिया। तबजाकर मामले का उदभेदन हो पाया। इधर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां बार बार बेहोस हो रही है।

# डेढ़ करोड़ की अफीम के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** वशिष्ठ नगर पुलिस ने डेढ़ करोड़ के अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के राजगुरुआ गांव निवासी देवनंदन गंझू व पंकज कुमार शामिल है। दोनों आपस मे सहोदर भाई हैं। गिरफ्तार तस्करों के पास से 28 किलो 50 ग्राम अफीम के अलावा ब्राउन शुगर बनाने वाला एक लोहे का मशीन, चार पीस लकड़ी व कई अन्य समान जब्त किया गया। यह जानकारी एसपी विकास कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि राजगुरुआ गांव में गिरफ्तार दोनों तस्करों द्वारा अफीम से ब्राउन शुगर तैयार किया जा रहा है। सूचना के आलोक में डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पहुंच कर छापामारी किया। साथ ही पूछताछ किया। इस दौरान अफीम से ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन जब्त किया गया। एसपी ने कहा कि दोनों अफीम में कुछ केमिकल मिलाकर ब्राउन शुगर तैयार करने की योजना थी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी हाल में मादक पदार्थों की तस्करी व इसमें संलिप्त लोगों को बक्शा नहीं जाएगा। छापामारी टीम में डीएसपी मुख्यालय के अलावा वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, हवलदार उदय कुमार, आरक्षी निरंजन कुमार, दिलीप कुमार, अजीत कुमार मंडल व मोहम्मद इफ्तेखार अंसारी शामिल थे।



# महिलाओं के साथ की छेड़छाड़, बीच बचाव करने आये लोगों को भी पीटा

## दो नामजद और आठ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** होली के दौरान हुड़दंग करने वालों की भी कमी नहीं रही। शहर के आईटीआई दीप नगर पतरातू बस्ती में नशे में धुत्त कुछ लोगों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। यहां तक की बीच बचाव करने आए मोहल्ले के लोगों के साथ भी मारपीट की। इस मामले में पतरातू बस्ती के चादु बनर्जी और शनि सिंह को नामजद अभियुक्त बनाते हुए दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पहली प्राथमिकी निर्मला कुमारी ने दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 25 मार्च को वे अपने मोहल्ले में पड़ोसियों के साथ होली खेल रही थी। इसी दौरान 8-10 लोगों के साथ चादु बनर्जी और शनि सिंह वहां पहुंचे तथा उन लोगों ने महिलाओं के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जब इसका विरोध किया गया तो निर्मला कुमारी के नंदोई, पति, देवर, ननद के अलावा पड़ोसियों के साथ भी उन लोगों ने मारपीट की। इस मारपीट के दौरान महिलाओं के सोने का मंगलसूत्र व अन्य आभूषण भी गुम हो गये। वही, दूसरी प्राथमिक की पतरातू बस्ती निवासी कुसुम रंजन ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि होली के दौरान चादु बनर्जी और शनि सिंह ने महिलाओं के साथ मारपीट शुरू की। कुसुम रंजन अपने भाई के साथ बीच बचाव करने वहां गए। इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। यहां तक कि उनके घर पर पथराव भी किया और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इस वारदात में दोनों भाई घायल हो गये हैं।





## मारपीट मामले में रामगढ़ थाना में कराया गया मामला दर्ज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छतरमांडू निवासी चितरंजन महतो ने रामगढ थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि छतरमांडू निवासी सचिन सिंह, राज सिंह व प्रेम सिंह 25 मार्च को दोपहर लगभग दो-तीन बजे के बीच उसके घर पहुंचे। तीनों उसकी पत्नी व बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोर सुनकर में अपने कमरे से बाहर आया और उनको रोकने का प्रयास किया। इसके बाद तीनों बिना वजह के लाठी से मेरे व मेरी बेटी के उपर हमला कर सिर फोड दिया। मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट किया और अश्लील गालियां दी। पुलिस ने कांड संख्या 78-24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।


## आदिवासी छात्र संघ नगर कमेटी की बैठक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्र संघ नगर कमेटी की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता गणेश मुंडा और किशोर मुंडा ने किया। जबकि संचालन प्रमोद मुंडा ने किया। बैठक में आगामी 15 अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा निकली जाएगी। साथ ही मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भव्य झांकी का दृश्य अपने संस्कृति सभ्यता झलक दिखेंगे। जिला कमेटी तथा रामगढ़ नगर कमेटी और प्रार्थना सभा के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से शोभायात्रा निकाला जाएगा। सिद्धू कान्हू ग्राउंड चट्टी बाजार होते हुए महात्मा गांधी चौक से सुभाष चौक होते हुए जिला मुख्यालय स्थित सरना स्थल तक शोभायात्रा निकाली जायेगी। बैठक में आदिवासी छात्र संघ सक्रिय सदस्य श्रीवास्तव मुंडा, जगन्नाथ मुंडा, जग्गू मुंडा, तरुण मुंडा, नितेश मुंडा, दीपक मुंडा, संजय मुंडा, राजू मुंडा, पवन मुंडा, विक्की आदिवासी, सूरज मुंदरी, वीरू कच्छप, राजेश मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## खैलहा में हुआ ध्वजारोहण

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई टोला खैलहा में श्री राम जानकी मंदिर व हनुमंत लल्ला प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ आयोजन के लिये बुधवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। यह आयोजन खैलहा में दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक किया जायेगा।इस ध्वाजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर यज्ञाधिष्ट अवधेश जी महाराज, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, उदय कुमार पांडेय, यज्ञ समिती अध्यक्ष जगदीश महतो, संतोष कुमार, दुभन महतो, अशोक महतो, प्रभु महतो सहित सैकड़ों माता बहन श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



## व्यवसायी भगवान दास की धर्मपत्नी का निधन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के निवासी एवं रामगढ़ स्टैंड विष्णु होटल के संचालक भगवान दास केसरी की धर्मपत्नी आशा देवी 60 वर्षीय का अपने पैतृक आवास कुंदरु कला में आकस्मिक निधन हो गया निधन से पूरा गांव शोक में डूबा, वह अपने पीछे दो इंजीनियर पुत्र दो पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ दुनिया से अलविदा कर गई,परिजनों ने बताया कि पिछले 5 वर्षों लंबी बीमारी से पीड़ित थी, पूरे परिजनों के साथ हर्षोल्लास से होली भी खेली थी देर शाम होली त्यौहार की समाप्ति के बाद लगभग 11:00 बजे रात्रि में अपने आवास पर महिला का अचानक निधन हो जाने से पूरे परिजन और गांव में मातम का माहौल छा गया, मृतक के महिला का शव का अंतिम दाह संस्कार दामोदर नदी सगरीया स्मशान घाट पर देर शाम किया गया, जिसमें उसका बड़ा बेटा श्याम सुंदर केसरी ने मां के चिता पर मुखाग्नि दी और फक्कड़ रो पड़े।

# तीन दिनों में कई जगह हुई सड़क दुर्घटना

## रजरप्पा में सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा ।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी बुध बाजार राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 पर बुधवार को सुबह एक वृद्ध महिला बालो देवी 70 वर्षीय का स्विफ्ट कार न जेएच 24 सी 0151 के चपेट में आने से महिला का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई महिला को काफी गंभीर चोट लगी थी वृद्ध महिला खून से लथपथ हो गई,सड़क पर खून का काफी रिसाव हो गया तथा महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दी,सड़क दुर्घटना के सूचना मिलते ही पास पड़ोस के ग्रामीण दौड़े और कार चालक युवक को पकड़कर जमकर धुनाई की, चार पहिया वाहन को भी उग्रभीड़ ने क्षतिग्रस्त पहुंचाया ग्रामीणों द्वारा तुरंत सड़क जाम कर दिया गया। लगभग एक घंटा तक सड़क जाम होने से दोनों छोर का आवागमन ठप हो गया,घटना की जानकारी रजरप्पा स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे और घंटे मशक्कत के बाद सड़क जाम को हटाया गया। ग्रामीणों द्वारा मृतक की मुआवजा का मांग कर रहे थे पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझकर सडक जाम हटाया गया पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। दोपहर मे पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया पुलिस ने वाहन चालक पर थाना में मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद घर पर शव पहुंचते ही ग्रामीण व परिवार के लोग दहाड़ कर रो पड़े। इस मौके पर थाना के सहायक अवर निरीक्षक रंजीत महतो, निरंजन कुमार सिंह समाज सेवी चित्रगुप्त महतो मुकेश प्रसाद सहित कई पुलिस बल के जवान और ग्रामीण मौजूद थे।



## बरकाकाना में एक की मौत, दो घायल

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत दो घायल।जानकारी के अनुसार रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग घुटुवा दो नंबर गेट के समीप गाड़ी संख्या जे एच 02 डब्लू 4301 एवम जे एच 01ई ए 5979 में सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों एवम बरकाकाना ओपी पुलिस की मदद से घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया।सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने दुसाध मोहल्ला,रामगढ़ निवासी उन्नीस वर्षीय युवक विवेक कुमार को मृत घोषित किया।बरकाकाना ओपी पुलिस ने दोनो गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया। दुर्घटना के संबंध में बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का जॉच जारी है।

## मामा के घर होली खेलने आये युवक वाहन से उतरते ही गिरा, मौत

मांडू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मांडूचट्टी में मंगलवार को मामा के घर होली खेलने आये युवको के लिए दिन रंग और गुलाल से रंगीन थी, लेकिन शाम व रात होते होते गमों के पहाड मे बदल गई। यह मामला रांची से मंगलवार दिन के करीब 2 बजे दो दोस्त अपने ड्राइवर के साथ मांडू चट्टी स्थित मामा कृष्णा गुप्ता के घर होली खेलने आये थे। बताया जाता है कि रांची में व्यवसाय कर रहे बॉबी गुप्ता अपने दोस्त छपरा निवासी रंधीर कुमार सिंह के साथ मंगलवार को अपने मामा मांडू चट्टी निवासी कृष्णा गुप्ता पिता त्रिभुवन गुप्ता के घर होली खेलने पहुंचे थे। दिन में सभी रिश्तेदार के साथ रंग खेलने के बाद अबीर व गुलाल खेलने के लिए शाम को करीब 6 बजे अपनी कार लेकर घर से बॉबी गुप्ता और उसके दोस्त रंधीर कुमार सिंह खेलने के लिए बाहर निकला था। रात करीब 10बजे वापस अपने मामा घर लौट आया। कार से उतरते वक्त रंधीर सिंह गिर गया। बॉबी गुप्ता और ड्राइवर दीपक सिंह ने उसे को उठाने का काफी प्रयास किया लेकिन नहीं उठे। आवाज सुनकर भी मामा और अगल बगल के लोगों ने सोचा कि शराब पीकर गिरा हुआ है खुद ब खुद उठ जायेगा। कुछ देर बीत जाने के बाद भी नहीं उठा तो मामा और पड़ोसी के सहयोग से उठाकर उसे मांडू अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की जानकारी मांडू पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन नहीं पहुंचे थे।

# मां भद्रकाली के चरणों में पहुंचे कालीचरण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी ने चतरा लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा होते ही। भाजपा ने चतरा निवासी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिले के कद्दावर नेता कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट की घोषणा के बाद देर में रात करा पहुंचे भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ता ओंऔर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया है। उनके आवास के बाहर कार्यकताओं में आतिशबाजी और पटाखे फोड़ कर स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं नें कालीचरण सिंह को मिठाई खिलाकर प्रत्याशी बनने की बधाई दी। काली चरण सिंह प्रत्याशी बनने के बाद मां भद्रकाली के चरणों आशीर्वाद लेने पहुंचे। भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भाजपा प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाकर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपा है। इस विश्वास और जिम्मेवारी का मैं पूरी तन्मयता से निर्वहन करुंगा। उन्होंने प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता के लिये इससे बड़ा कोई और सम्मान नहीं हो सकता।



कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, सिमरिया बिधायक किशुन दास, पूर्व बिधायक जनार्दन पासवान, अवधेश सिंह चेरो, किसान मोर्चा प्रदीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, रामविलास सिंह, जिला महमंत्री मिथलेश गुप्ता, मिर्त्युजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर पासवान,सुजीत जायसवाल, नंदकिशोर सुलभ, रसिक सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह गुड्डु, सालीग्राम सिंह, प्रभु सिंह, चंद्रपाल पाठक, बिद्यासागर आर्य, नगर महामंत्री मंजीत राणा, बबलू सिंह, कालीचरण यादव, प्रदीप दांगी, प्रमोद यादव, शत्रुधन ठाकुर, जीतेन्द्र यादव, संजय यादव, अमित सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. आशिन, भोला साव, आदि हजारों के सांख्य में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

# युद्धविराम की जरूरत

आखिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाला प्रस्ताव पारित कर दिया। सोमवार को पारित इस प्रस्ताव में सभी बंधकों की अविलंब बिना शर्त रिहाई और गाजा में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की भी बात कही गयी है। छह महीने से जारी इस जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किये गये आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्त्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी, लेकिन इस्त्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किये और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गयी कि इस्त्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था।

**हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है।**

सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आये इस कथित बदलाव पर इस्त्राइल ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी। इस्त्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्त्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। बेशक अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। हालांकि अभी बात इस्त्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में पॉजिटिव और लचीला रुख अपनायें।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आप अध्यक्ष को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब नीति 2021 में अनियमितताओं और रिश्वतखोरी में उनकी भूमिका के लिए दिये गये 9 समनों को नजरंदाज करने के बाद गिरफ्तार किया गया। अब यह शराब नीति निरस्त कर दी गयी है। यह बड़ी विचित्र विडंबना है कि भ्रष्टाचार का विरोध करने वाला व्यक्ति भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया जाता है।**

# संवैधानिक नैतिकता की कौन परवाह करता है

पूनम आइ कौशिश




जुलाई 2023 : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री फड़वीस का कहना है राजनीति में आदर्शवाद अच्छी बात है, किंतु यदि तुम्हें बाहर कर दिया जाता तो फिर कौन परवाह करता है। मैं यह वायदा नहीं कर सकता कि मैं शत-प्रतिशत नैतिक राजनीति करूंगा। मार्च 2024: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहते हैं, मैं जेल से शासन करूंगा। संविधान में ऐसा कहां लिखा गया है कि कोई मुख्यमंत्री जेल से शासन नहीं कर सकता। आप अध्यक्ष को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब नीति 2021 में अनियमितताओं और रिश्वतखोरी में उनकी भूमिका के लिए दिये गये 9 सम्मनों को नजरंदाज करने के बाद गिरफ्तार किया गया। अब यह शराब नीति निरस्त कर दी गयी है। यह बड़ी विचित्र विडंबना है कि भ्रष्टाचार का विरोध करने वाला व्यक्ति भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया जाता है।

निःसंदेह इस मामले के गुणागुण पर न्यायालय निर्णय करेगा और कानून अपना कार्य करेगा, किंतु बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि केजरीवाल त्यागपत्र देते हैं या नहीं। न ही यह कि तमिलनाडु में दोषसिद्ध मंत्री, जिनकी सजा पर उच्चतम न्यायालय ने रोक लगा दी है, वह मंत्री पद की शपथ लेंगे, किंतु बड़ा मुद्दा संवैधानिक नैतिकता और आने वाले चुनावों तथा आने वाले वर्षों में लोकतांत्रिक मूल्यों की नैतिकता पर इसका प्रभाव है। इसके साथ ही यह लोकतंत्र के बारे में भी अप्रिय प्रश्न उठाता है कि इससे हमारे उन नेताओं की चेतना नहीं जागती, जिन्होंने रिश्वत को एक हास्यास्पद राजनीतिक पुरस्कार बना दिया है? उनमें इस मुद्दे को लेकर शर्म या आक्रोश नहीं है, कि क्या कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में समझौता कर सकता है?

**आप कुछ भी कह लें, किंतु राजनीतिक शब्दकोष में नैतिकता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा जैसे शब्द आप नहीं ढूंढ़ सकते।**

क्या राजनीति शासन और सत्यनिष्ठा के मुद्दों से समझौता करने के लिए बाध्य करती है? क्या यह राजनीतिक धर्म का अंग है? आज राजनीति का सरोकार केवल स्वीकार्यता से है। इसका विश्वसनीयता और सार्वजनिक जीवन से कोई सरोकार नहीं है और यह समझौतों का खेल बन गया है। राजनेता नैतिकता के बारे में बड़े-बड़े उपदेश देते हैं, किंतु उनका पालन नहीं करते। भारत में राजनीति का नैतिकता, जवाबदेही और स्वस्थ परिपाटियों से कोई लेना-देना नहीं। इस चुनावी मौसम में सत्ता और दाग साथ-साथ दिखायी दे रहे हैं और लोग दुविधा की स्थिति में हैं।

पिछले कुछ महीनों में झारखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआइ ने विपक्षी नेताओं के विरुद्ध अनेक मामले दर्ज किये और उनकी गिरफ्तारी की गयी। झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन और भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता की गिरफ्तारी भी की गयी। नेहरू युग के बाद संवैधानिक नैतिकता की नयी परिभाषा बन गयी है। नेहरू युग के दौरान एक छोटी-सी रेल दुर्घटना पर मंत्री त्यागपत्र दे देते थे। एक मंत्री का कहना है कि मैं किसी अधीनस्थ की गलती के लिए दोषी घोषित नहीं किया जा सकता, अन्यथा प्रधानमंत्री की मेज पर हर दिन मंत्रियों के त्यागपत्र के ढेर लग जायेंगे।

स्पष्ट है कि केजरीवाल आज जो बयान दे रहे हैं, वह राजद अध्यक्ष लालू यादव की याद दिला देते हैं, जिन्हें 1997 में चारा घोटाले के लिए चार्जशीट किया गया था। उस समय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा था कि संविधान में ऐसा कहां कहा गया है कि जनता द्वारा निर्वाचित मुख्यमंत्री पुलिस कर्मियों द्वारा केवल चार्जशीट करने पर त्यागपत्र दे दे। सीबीआइ या केन्द्र सरकार मुझसे ऐसा कहने वाले कौन होते हैं? यदि मुझे जेल हुई तो मैं जेल से शासन करूंगा। कौन सी नैतिकता और भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं? राजनीति का नैतिकता से क्या लेना देना है? उसके बाद उन्होंने हालांकि त्यागपत्र दे दिया था, किंतु अपनी पत्नी राबड़ी को मुख्यमंत्री बना दिया था। हमारे नेतागणों के नैतिक शब्दकोष में राजनीति का सरोकार केवल स्वीकार्यता से है। इसका सरोकार विश्वसनीयता से नहीं और उनके अनुसार सार्वजनिक जीवन में समझौते किये जाते हैं।

आप कुछ भी कह लें, किंतु राजनीतिक शब्दकोष में नैतिकता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा जैसे शब्द आप नहीं ढूंढ़ सकते। आज नेताओं ने राजनीति प्रेरित आरोपों और वास्तविक दोषसिद्ध के बीच एक महीन अंतर ढूंढ़ लिया है। सत्ता का ऐसा नशा चढ़ा हुआ है कि सब इसे नजरंदाज कर देते हैं। इसे विपधन कह देते हैं या इसके साथ ही जीते हैं। यही नहीं, यदि आप जानी दुश्मन हैं, तो फिर आप चोर हैं और शासन करने के योग्य नहीं हैं। आप सुशासन या ईमानदार शासन भी नहीं दे सकते हैं। यदि जिगरी दोस्त हैं तो फिर सर्फ की सफेदी की चमकार के विजेता हैं, जो कोई पाप नहीं कर सकता और जो अपनी ईमानदारी को सिद्ध करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

इस आपसी लेन-देन की संस्कृति में हमारी राजनीति की सामूहिक चेतना इसको और बढ़ावा देती है। दाग! आप क्या बात कर रहे हैं। इसमें कोई सी बड़ी बात है? इसके बारे में अज्ञानता प्रकट कर देते हैं या उनके भ्रष्ट कार्यों के बारे में मूक, बधिर, अंधे बन जाते हैं। आज ईमानदार वही है जो पकड़ा नहीं गया है। आज प्रत्येक दल और उनके नेताओं ने अवसरवाद और झूठ बोलने की कला में महारत हासिल कर ली है। यह एक सत्ता का खेल है। जब व्यक्तित्व आधारित दुष्प्रचार लोकतंत्र की मुख्य पहचान बन गया है। आज राजनीति में राजनेता सांझी विचारधारा या सांझे उद्देश्यों के लिए एकजुट नहीं होते। वे इस खेल में आज इतने व्यस्त हैं कि कोई भी अपने कार्यों के परिणामों के बारे में नहीं सोचता।

सत्ता बांटो और तमाशा देखो और आज गद्दी सबसे महत्वपूर्ण बन गयी है। क्या ऐसा नहीं लगता है कि स्वच्छ राजनेता एक विरोधाभास बन गया है और सबसे दुखद बात यह है कि इस सबको देख कर किसी की चेतना जागृत नहीं होती। आज सभी प्रत्यक्ष बिक्री की राजनीति के सिद्धांतों का अनुसरण करते हैं। किसी के पास भी आम आदमी की कठिनाइयों और कष्टों के प्रश्नों पर विचार करने का समय नहीं है, जो महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है।

यही नहीं, हम भी नैतिक जिम्मेदारी की मांग तब करते हैं, जब हमें कष्ट होता है। इस बाजार में यह विश्वास करना अनुचित है कि नेता विचारधारा से शासित होते हैं। नेताओं में लोगों की कल्पना को उड़ान देने की प्रवृत्ति है, जिसके चलते प्रदूषित और भ्रष्ट राजनीति आगे बढ़ती जा रही है। आज भारत एक नैतिक चौराहे पर खड़ा है। प्रश्न है कि क्या अनैतिकता और दागों को हमारे संसदीय लोकतंत्र का आधार बनने की अनुमति दी जा सकती है? क्या ऐसे लोगों को मंत्री बनाना हमारे लोकतंत्र के हित में है, जिनसे नेतृत्व करने की अपेक्षा की जाती है, जो विघटनकारी बन जाते हैं। तो समय आ गया है कि इस दिशा में कुछ सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

इस अनैतिक राजनीतिक मरुस्थल और निर्जन चर्चा में मतदाताओं को कठिन विकल्प चुनने होंगे। हम केवल यह कहकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं बच सकते कि यह राजनीतिक कलयुग है। इसलिए झूठ, धोखा और प्रवंचना के इस खेल में भाजपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों को आज के भारत की उभरती सच्चाई को ध्यान में रखना होगा। सत्ता सब कुछ है और आप कह सकते हैं कि लोकतंत्र इसी से जुड़ा हुआ है। चुनौती हमारी शासन प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव लाने की है। राजनीति के संचालन में नैतिकता, मूल्य, विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा और विश्वास होना आवश्यक है।

राजनीति बदमाशों का अंतिम अड्डा है, के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए क्योंकि इस देश को सबसे महंगा सस्ता राजनेता पड़ता है। इस संबंध में प्रो. गालब्रेथ के शब्द उल्लेखनीय हैं, ह्वह्वभारतीय कानूनों या इसके राजनीतिक और न्यायिक संस्थानों में कुछ भी गलत नहीं है। भारत में बड़ी समस्या नैतिक गरीबी है।ह्वह्व क्या कोई राष्ट्र शर्म और नैतिकता की भावना के बिना रह सकता है और यदि रह सकता है तो कब तक?

## जमशेदपुर की खबरें

# आरआइटी पुलिस ने हत्या की योजना बनाते दो अपराधी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आरआइटी पुलिस ने रवि शर्मा हत्याकांड मामले और मुरारी सिंह की हत्या की योजना बनाते दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में राजा सिंह उर्फ राजू पगला और प्रकाश गोप उर्फ छोटू गोप शामिल है। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद कर लिया। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रिम्स से इलाज के दौरान फरार अपराधकर्मी राजा सिंह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। आरोपी को आरआइटी थाना क्षेत्र में घूमते देखा गया। इसकी सूचना मिलने पर एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया। टीम ने आरआइटी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए खरकाई नदी के किनारे कुलुपटंगा स्थित मुन्ना शर्मा के ईंट भट्ठा में बैठकर योजना बनाने राजा सिंह और प्रकाश गोप को अवैध लोडेड देशी कट्टा एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों बने बताया आरआइटी ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के रहने वाले मुरारी सिंह की हत्या करने की योजना बना रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार आदित्यपुर के चर्चित रवि शर्मा हत्याकांड में मुरारी सिंह अभियुक्त रहा है। इस मामले में फिलहाल वह जमानत पर है।दोनों अपराधी पूर्व में मुरारी के साथ ही रहता था। लेकिन अब दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गये। एसपी ने बताया अपराधी राजा सिंह उर्फ राजू पगला के खिलाफ जमशेदपुर, सरायकेला और रांची के बरियातू सहित अन्य थाना में कई मामले दर्ज हैं। साथ ही प्रकाश गोप उर्फ छोटू गोप के खिलाफ आरआईटी में आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामले दर्ज है। छापेमारी दल में आदित्यपुर इंस्पेक्टर नितिन कुमार सिंह, आरआईटी थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजकुमार शाह, आरक्षी उधम सिंह, उमाशंकर सिंह, धीरू रजक सहित होमगार्ड जवान मनीष प्रसाद सिंह शामिल रहे।

# बुलेट रानी पहुंची जमशेदपुर, भाजयुमो महानगर के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत




जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। तमिलनाडु के मदुरई से 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली राजलक्ष्मी मंदा बुलेट पर सवार होकर शहर पहुंची। बुधवार को लौहनगरी जमशेदपुर आगमन पर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के बीच पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर गर्मजोशी से बुलेट रानी का स्वागत किया। सोनारी एयरपोर्ट के समक्ष कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों के भाजयुमो कार्यकताओं ने राजलक्ष्मी मंदा के इस साहसिक अभियान की सराहना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान उत्साहित युवा कार्यकर्ताओं ने राजलक्ष्मी मंदा के साथ बाइक रैली निकालकर आदित्यपुर पुल तक नारेबाजी करते हुए गंतव्य के लिए रवाना किया।बताया जारहा है राजलक्षमी मंदा 9.5 टन की ट्रक को खींचकर पहली महिला बनने का विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी हैं। उन्होंने अब तक तमिलनाडु,केरल,कर्नाटक,आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा बुलेट से पूरा करने के बाद झारखंड पहुंची है। जमशेदपुर के पश्चात उनकी 'संकल्प यात्रा' चाईबासा के रास्ते खुंटी के लिए प्रस्थान करेगी। राजलक्ष्मी मंदा ने बताया भारत के प्रत्येक नागरिक का अधिकार व कर्तव्य है वह देश के सर्वांगीण विकास व अपने आने वाले पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ नेता चुनें। उन्होंने कहा वे किसी भी पार्टी की सदस्य नही हैं। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों व सिद्धान्तों से प्रेरित होकर तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने के लिए जनजागरण मुहिम वाली 'संकल्प यात्रा' को बुलेट से पूरा कर रही है। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, शशि यादव, शशांक शेखर, प्रकाश दुबे, राकेश चौबे, राहुल तिवारी, कंचन दत्ता, राहुल कुमार, राकेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, उज्वल कुमार, दीपक नाग,भूपेंद्र कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दिल्ली में बीजेपी के पक्ष में बह रही आंधी मोदी के प्रति अपार श्रद्धा और स्नेहः काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने नयी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुश्री बांसुरी स्वराज के लिये प्रचार किया। बुधवार को उन्होंने लोगों से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिये आग्रह किया। मौके पर काफी संख्या में उपस्थित प्रबुदजनों ने एक स्वर में अबकी बार 400 पार के संकल्प को दोहराया। साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। काले ने कहा देश के ऋषि मुनियों और गुरुओं ने भारत राष्ट्र के परम वैभव की जो कल्पना की थी अब नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूर्ण होते दिख रही है।



पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र स्थित एम इ स्कूल रोड के राजस्थान शिव मंदिर में श्री गुरुदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। बुधवार को विधायक ने स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

# सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया अभियान

चांडिल(आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शुरू होने लगा है। बुधवार को इचागढ़ के खोखरो पंचायत, टीकर, गौरांगकोचा के स्कूलो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आकर्षक रंगोली बनाकर स्थानीय महिला व विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही मतदान के महत्व व निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर 1950 के बारे में जानकारी दी गई।ताकि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। साथ ही जिन वोटरो का लिस्ट में नाम नहीं है उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 भरने की अपील की गयी। मौके पर उपस्थित लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई गई। वही मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

# आंधी तूफान से विधवा महिला बेघर, मुआवाजे के लिए डीसी से गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों आंधी तूफान के दौरान धालभुमगढ़ चार चक्का पंचायत के एक विधवा महिला की घर गिर कर सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। बुधवार को सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जरूरतमंद विधवा महिला को आपदा राहत कोष से उचित मुआवजा दिलाने के लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया। साथ ही डीसी के नाम एक आवेदन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल के अनुसार बीते 11मार्च को तेज रफ्तार से आंधी तूफान में विधवा महिला का घर क्षतिग्रस्त हो गया। बीते 17 दिनों से एक विधवा जरूरतमंद महिला बेघर होकर पेड़ की छांव के नीचे रह रही है। इसकी लिखित जानकारी धालभुमगढ़ सीओ और बीडीओ को दी गयी, लेकिन अब तक महिला को कोई राहत नही मिली। जानकारी मिलने पर सामाजिक सेवा संघ प्रतिनिधि डीसी को आवेदन सौप कर उचित मुआवजे के लिए गुहार लगा रही है। इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामन्त, झारखंड आंदोलनकारी नेता सपन करवा, समाजसेवी राजा कालिंदी, तपन महतो शिवलाल लोहरा, छोटे सरदार शामिल रहे।

# पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार किया बरामद, तीन गिरफ्तार

**हथियार सफलायर गिरफ्तार पप्पू चौधरी पर पूर्व से कई अपराधिक मामले हैं दर्ज: एसपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा ।** गढ़वा पुलिस ने सोमवार को होली के दिन अहले सुबह सदर प्रखंड के हूर मध्या गांव से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुई हैं। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि सदर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हूर गांव निवासी सुनील पासवान के 28 वर्षीय पुत्र शुभम पासवान कुछ अवैध हथियार छुपा कर रखा हुआ है। जिसका प्रयोग आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को डराने धमकाने और मतदान को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। जानकारी की सत्यापन करते हुए उनके द्वारा टीम गठित कर हूर गांव भेजा गया। जहां छापेमारी के क्रम में शुभम पासवान के घर से बिस्तर के नीचे एक बोरे में छिपाकर रखे गये चार देसी कट्टा तीन 7.65 टट का सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन तथा 7.65 एमएम का सात जिंदा कार्टिज और 115 टट का दो खोखा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान शुभम पासवान ने बताया कि सभी हथियार उसके मालिक वर्तमान मध्या पंचायत मुखिया बसंत चौबे के पुत्र सत्येंद्र चौबे का है। उसने बताया कि एक अन्य राइफल उसके दोस्त राकेश चौधरी के घर पर छुपा कर रखा हुआ है। जिसे गठित टीम द्वारा राकेश चौधरी के घर से बरामद किया गया।

शुभम पासवान ने बताया कि यह हथियार पप्पू चौधरी से सत्येंद्र चौबे खरीदते थे। पर जैसे ही पप्पू चौधरी की गिरफ्तारी हुई सत्येंद्र चौबे इस डर से हथियार को मेरे पास छुपा कर रखने के लिए दिये थे। इसमें 315 टट का बोल्ट एक्शन राइफल से सत्येंद्र चौधरी के शादी में सत्येंद्र चौधरी के द्वारा ही फायर किया गया था। उसी का यह दोनों खोखा है। वहीं टीम के द्वारा पप्पू चौधरी की भी गिरफ्तारी की गयी। जिसने इस बात को स्वीकार किया कि जेल जाने से पहले सत्येंद्र चौधरी को यह सभी हथियार बेचे थे। जिसका पूरा पैसा भी अभी तक हमें नहीं मिला है। गिरफ्तार सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि सदर प्रखंड मध्या पंचायत हूर गांव निवासी सुनील पासवान के पुत्र शुभम पासवान, बिहारी चौधरी के पुत्र राकेश चौधरी, शहीद टोला और सदर प्रखंड नवादा पंचायत के पप्पू चौधरी जिस पर पूर्व में भी कई आपराधिक इतिहास रहा है।

# जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली ताकतों को जनता सिखलायेगी सबक : मंत्री

**भाजपा और बसपा छोड़कर दो सौ से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा/रंका।** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के सिकरदाहा और हुरदाग गांव के बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी छोड़ कर दो सौ अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। होली के पावन मौके पर सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल कराया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से इंद्रदेव राम, सुनीता देवी, सुचिता देवी, रविकांत कुमार, मंजय राम, बंधु राम, रमेश राम, पिंटू कुमार, मीना देवी, संजू कुमार,कमलेश राम, बंधु राम, संदीप कुमार रवि, मंजू देवी, करीमन राम, वीरेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य किस्मतिया देवी, सोना देवी, रेखा देवी , उर्मिला देवी, राजू कुमार, लखन राम, छोटन राम, अखिलेश कुमार, लीलावती देवी, पनपतिया देवी, राधिका दवी, मनोज राम, प्रमिला देवी, कलावती देवी, राजमुनी राम, शिवकुमार राम, सुरेंद्र कुमार, सुरेश राम, दुर्गावती कुंवर, चिंता देवी, विनय कुमार, पप्पू कुमार, नंदू राम, प्रदीप राम, प्रमोद राम, भोला राम, ललमुनी राम, रघु भुइयां, बिगन राम, आदि सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात का एहसास अब जन-जन को हो चुका है। इसी क्रम में आज रंका प्रखंड के सोनदाग पंचायत के सिकरदाहा और हुरदाग गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा और बसपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा। मंत्री ने कहा कि सभी का झामुमो परिवार में हार्दिक अभिनंदन और स्वागत है। आशा है कि सभी लोग हेमंत सोरेन के सपनों का झारखंड बनाने में सहयोगी बनेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के समय में गढ़वा सहित पूरे देश की जनता केंद्र सरकार और भाजपा की करतूतों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। केंद्र सरकार जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र पर कुठाराघात है। लोकतंत्र की गरिमा तार तार हो रही है। मंत्री ने कहा कि देश जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जनता कमर कर चुकी है। लोकतंत्र विरोधी ताकतों को जनता ऐसी सबक दिखलायेगी कि वे कहीं के नहीं रह जायेंगे। इसके लिए पूरे देश के लोग तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



गढ़वा (आजाद सिपाही) । राजकीय कृत गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा में 15 प्रशिक्षण हालों में सभी पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण विभिन्न प्रशिक्षकों के द्वारा दिया गया इस प्रशिक्षण में दोनों पाली मिलकर यानी प्रथम पाली में 600 और दूसरे पाली में 548 मतदान कर्मियों ने भाग लिया सभी पीठासीन पदाधिकारी को ईवीएम मशीन सील करने, ईवीएम हैंडसऑन करने और पूरी मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया गया साथ ही सभी तरह के प्रपत्र को भरने के बारे में विधिवत जानकारी दी गयी। साथ ही पीठासीन पदाधिकारी के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, वरुण कुमार चौबे, नंदकिशोर चौबे, शांतनु चौबे, प्रदीप श्रीवास्तव, बलदेव कुमार मिश्रा, चंद्रदेव सिंह, हरिनंदन त्रिपाठी पांडे सूर्यकांत शर्मा सहित सभी प्रशिक्षक अपने-अपने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण दिए इस प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए गढ़वा उपायुक्त महोदय शेखर जमुआर वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग गढ़वा, भुअर्जन पदाधिकारी सहित सभी लोगों ने सभी कमरों का अवलोकन और प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं सभी दिशा निर्देशों के बारे में बताया गया।

## चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ किया दुष्कर्म

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चपरी पंचायत के चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म किये जाने की शिकायत थाने में की, प्राप्त आवेदन के आलोक में भवनाथपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनो आरोपी टिकर टोला निवासी सोनू कुमार बैठा और प्रकाश बैठा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। समाचार के अनुसार 23 मार्च को नाबालिग युवती मुस्कैनी तरफ गयी थी, जहां सोनू बैठा युवती को सड़क पर से जबरन खींच कर अपने दोस्त प्रकाश बैठा के नव निर्मित घर में ले जाकर बलात्कार किया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। नाबालिग युवती द्वारा मेडिकल कराने से इंकार किये जाने से मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। इधर दो दिनों तक दोनों पक्षों में समझौता को लेकर चल रहे बातचीत बिफल होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी युवकों को जेल भेज दिया है।

## संयोजक बलवंत सिंह के पिता की मृत्यु



फाइल फोटो शंभू नाथ सिंह

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। बजरंग दल हरिहरपुर इकाई के संयोजक बलवंत सिंह के पित शंभू नाथ सिंह (79वर्ष) की मृत्यु बीते सोमवार को हो गयी। शंभू नाथ सिंह बीते दस दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज रांची में चल रहा था, जहां स्वास्थ्य में उनका कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने सोमवार की अहले सुबह अंतिम सांस लिया। अंतिम संस्कार हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बत्तो खुर्द से किया गया। शंभु नाथ सिंह का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा वे अपने बच्चों का परवरिश कर्नाटका में कार्य कर के किया। उसके पश्चात हरिहरपुर पंचायत के बत्तो खुर्द में अपना मकान बना कर रह रहे थे। शंभूनाथ सिंह अपने पीछे पत्नी सहित तीन बच्चों का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। अंतिम संस्कार श्रीनगर के सोन नदी के घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र बलराम सिंह ने दिया।

## मां बाप की सेवा करना दुनिया का सबसे बड़ा काम : हाफिज



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या दो स्थित गौसिया मस्जिद में चांद रात से ही चल रही नमाजे ए तरावीह सोमवार की रात में हाफिज याकूब साहब के द्वारा संपन्न कराया गया। नमाजे -ए- तरावीह के बाद सभी लोगों ने देश में अमन चैन, आपसी एकता, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। उसके बाद नमाज में शामिल तमाम रोजेदारों ने गले मिलकर ईद की बधाई दिये। हाफिज याकूब साहब ने कहा कि इस महीने में मुसलमानों को एक सच्चा रोजेदार बनकर रहना चाहिए। इस महीने में सबक और नसीहत हमें साल के 11 महीने के लिए सही राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने मां-बाप का इज्जत करना चाहिए। मां बाप का सेवा करना दुनिया का सबसे बड़ा काम है। अंजुमन कमेटी के पदाधिकारी के द्वारा हाफिज याकूब साहब को अंग वस्त्र और 73551 रुपये व मुअजीम अंग वस्त्र तथा 19021 रुपये साथ फुलामाला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सदर तौहिद खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना पैगाम राजा, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना शाकिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# माहौल बिगाड़ने की कोशिश, पुलिस ने दिखायी तत्परता

**धूमधाम से मंदिर में पुनः शिवलिंग हुआ स्थापित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय भगत सिंह चौक के समीप शिव मंदिर में पिछले 20वर्षो से स्थापित शिवलिंग को असमाजिक लोगों के द्वारा तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के सूचना पाकर पुलिस अंचल निरक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी असफाक आलम ने अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुये आरोपी को चिन्हित कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर पुअनी राहुल कुमार, ऋषिकेश सिंह, जेपी गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सोनी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विरची पासवान, सोनू सोनी, समाज सेवी मुन्ना प्रसाद, झामुमो नेता रोहित वर्मा, मुन्ना सिंह, सुनील गुप्ता, देव कुमार ठाकुर, नंदू साह सहित कई लोग मौजूद थे। इधर मंदिर के संचालन कर्ता नरेंद्र ठाकुर ने थाना को आवेदन देकर कहा कि पिछले 21 वर्षो से शिवलिंग स्थापित है। जिसकी नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती रही है। सोमवार की रात्रि उक्त शिवलिंग को विखंडित कर दिया गया है। मंगलवार की सुबह जब हम लोग मंदिर की तरफ गये, तो देखा की पूजन सामग्री के साथ शिवलिंग विखंडित हो चुका है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

**पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुनः शिवलिंग प्रतिमा का किया गया स्थापना:** पुलिस अंचल निरक्षक रतन कुमार सिंह ने सभी मामले को जानकारी के बाद पुनः शिव लिंग को गाजे बाजे व विधि विधान से पूजा पाठ करा कर स्थापित कराया। इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा कि माहौल को बिगड़ने के उद्देश्य से असामाजिक लोगों के द्वारा शिवलिंग प्रतिमा को तोड़कर हटा दिया गया था। जिसके मनसूबे पर स्थानीय ग्रामीणों ने पानी फेरने का काम किया है। कहा कि इस घटना की टेक्निकल सेल के साथ इसकी जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला संयोजक आनंद गुप्ता ने कहा कि शिवलिंग को तोड़ कर रमना को अशांत करने का काम अज्ञात लोगों के द्वारा किया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सोनी ने कहा कि आज रमना एक बार फिर एकता का परिचय देते हुये असमाजिक लोगों का बहिष्कार किया है। साथ ही कहा कि पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों के सहयोग से विधवत रूप से पूजा पाठ कर उक्त शिवलिंग को पुनः स्थापित कर सहरानिये कार्य किया है।

# छह युवकों ने युवक पर किया हमला, घायल

**थाना प्रभारी आदित्य नायक ने कहा कि प्राथमिक दर्ज कर ली गयी है। जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जायेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के नगर ऊंटरी निवासी जवाहर प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर धारदार हथियार से जान मारने की नियत से वार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि आवेदन में कहा गया है कि मेरा पुत्र नीरज कुमार मंगलवार के शाम लगभग 3:00 बजे घर के बाहर बैठा हुआ था। उसी समय दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर छह युवक आये। सभी युवक धारदार हथियार से लैस थे, सभी मेरे पुत्र नीरज कुमार पर जान मारने की नीयत से हमला कर दिये सभी ने चिल्लाते हुए कहा कि इसके सिर पर वार करो इसकी जान नहीं बचना चाहिए, और सभी ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद मेरा पुत्र नीरज कुमार खून से लथपथ हो गया। इस जानलेवा हमले से वह अचेत अवस्था में होकर गिर पड़ा तभी मैं और मेरे मोहल्ला के लोगों के द्वारा हल्ला सुनकर उसे बचाने के लिए वहां पहुंचे हम सभी लोगों ने उसे इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों नीरज को खतरे से बाहर बताया। उन्होंने कहा कि मेरे पुत्र को जान से मारने वालों में अंकित कुमार, विशाल कुमार, अमन सोनी, लवकुश सहित दो अज्ञात लोगों के नाम शामिल है उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर हमलावरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी आदित्य नायक ने कहा कि प्राथमिक दर्ज कर लिया गया। जांच कर दोषी पर कारवाई किया जायेगा।

## जंगली सुअर के हमले में तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड के खोनहर में बुधवार को जंगली सुअर के हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। घायलों में समोद साह 45 वर्ष, विगन साह 55 वर्ष और 15 वर्षीय विमलेश साह का नाम शामिल है। विमलेश साह ने बताया कि दोपहर को लगभग एक दर्जन जंगली सुअर हमला कर घायल कर दिया। इस हमले सबसे जायदा गंभीर रूप से घायल विगन साह और समोद साह को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नितिश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दो लोगों को गढ़वा रेफर किया गया है।

# प्रेम प्रसंग का मामला, कुआं में मिला लड़का-लड़की का शव

**एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा, जांच में जुटी पुलिस**

**पोस्टमार्टम के बाद ही मामले का हो पायेगा खुलासा : सीडीपीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल ।** थाना क्षेत्र के रजबंधा गांव से बुधवार को एक कुआं से उसी गांव की एक लड़की के साथ एक लड़का का शव पुलिस ने बरामद किया है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। सीडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह मेराल थाना प्रभारी को रजबंधा गांव के एक कुआं में एक लाश होने की सूचना मिली। इससे पहले मंगलवार को कुआं के पास ही रोड पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल बरामद किया गया था। तैरता हुआ शव को बाहर निकालने पर कुआं में एक और चप्पल मिला, शक होने पर पुनः कुआं की तलाशी ली गयी, तो पानी के अंदर दूसरा शव बरामद हुआ। हत्या या आत्महत्या के सवाल पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम तथा जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। कुआं में एक साथ एक लड़का और एक लड़की का शव मिलने की सूचना पर एसपी दीपक कुमार पांडे ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया तथा ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस संबंध में मृतक की बहन चिन्ता देवी पति मुखला विश्वकर्मा ने मेराल थाना में आवेदन देकर कहा है कि मृतक लड़की के परिजनों द्वारा मेरे भाई की हत्या की गयी है। थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि मेरा भाई सिता राम विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय बच्चा विश्वकर्मा 32 वर्ष ग्राम गंगटी (जमुई) थाना नगर उटारी का निवासी था, जो 25 मार्च की शाम करीब 6 बजे बिना बतायें घर से निकाला था, देर रात तक घर नहीं लौटने पर फोन किया लेकीन मोबाईल स्वीचऑफ बता रहा था। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे आनन्द सिंह पिता लाल सिंह जो ग्राम रजबंधा, थाना मेराल के निवासी है, मेरे घर पर आकर बोला की तुम्हारा भाई सिताराम विश्वकर्मा मेरी वहन को लेकर भाग गया है, उसका बाइक राजबंधा में खड़ा है। हम उसे जान से मार देंगे, थाना में कोई सिकायत नहीं करायेगा, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देगें। हम सितराम को खोज रहे है। तुम लोग तीन-चार दिन बाद थाना में जाना। उसके जाने के बाद हमलोगों ने नगर उंटारी थाना में आवेदन देकर इसकी सूचना दिया था। मृतक की बहन ने आनन्द सिंह और उसके पिता लाल सिंह आदि पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुआवजा तथा जान मान की सुरक्षा देने की गुहार लगायी गयी है।

**एक दिन पूर्व हुई थी मोटरसाइकिल बरामद:** बता दें कि परिजनों के सूचना पर मेराल थाना पुलिस द्वारा रजबंध गांव में जाकर घटनास्थल से कुछ ही दूरी सड़क पर लगे लावारिस मोटरसाइकिल को बरामद किया गया था। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार आसपास खोजबीन की गयी थी, परंतु कहीं कुछ पता नहीं चला था।

## पत्नी ने पति का इलाज कराने की गुहार लगायी



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला के मायर निवासी 63 वर्षीय रामेश्वर राम पिता ईश्वर दयाल राम का गंभीर जख्म से स्थिति दयनीय हो चुका है। उनकी पत्नी लालती देवी ने बताया की पिछले पांच माह से जख्म से परेशान है। शुरुआती दौर में पति का इलाज गांव के ही झोला छाप डॉ से इलाज करवा रहे थे। परंतु समय गुजरने के साथ-साथ जख्म भी भयंकर रूप ले लिया। पूरा परिवार का भरण पोषण रामेश्वर राम मजदूरी कर किया करते थे। माली हालत खराब होने के वजह से रामेश्वर राम का काफी खराब हो गया है। कर्ज लेकर वाराणसी के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर जख्म का इलाज कर घर भेज दिया। पैसे के वजह से दुबारा नहीं ले जाया गया। लालती देवी ने सरकार और जन प्रतिनिधियों से अपने पति का इलाज के लिए गुहार लगायी है।

## नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस आज

डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस 28 मार्च को है। इसके आयोजन की तैयारी शुरू हो गयी है। झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई प्रखंड के पचौर सचिवालय परिसर में नीलांबर-पीतांबर के शहादत दिवस को लेकर खरवार आदिवासी एकता संघ की प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी ने बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा कांत सिंह और संचालन खरवार लोक सेवक संघ प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह ने की। इन्होंने बताया कि इस मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा और वीर शहीद को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

## कांग्रेस नेता शंकर यादव का निधन



फाइल फोटो शंकर यादव

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी गांव निवासी सह कांग्रेस नेता शंकर यादव 45 लंबी अज्ञात बीमारी के बाद कल मध्यरात्रि निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही धुरकी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी विदित हो कि शंकर यादव एक सरल और मृदु भाषी व्यक्ति थे अपने घर के एकमात्र कमाउ सदस्य थे। इनके तीन बच्चे हैं, जिनका अभी शादी विवाह भी नहीं हो पाया है। पिछले 6 महीने से रांची तथा बनारस में इनका इलाज कराया जा रहा था। उनके निधन की खबर सुनकर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## दो सोलर पैनल की चोरों ने की चोरी



सगमा। प्रखंड मुख्यालय स्थित रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय में लगा सोलर प्लेट की चोरी होने से विद्यालय परिवार के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार यादव ने बताया कि होली को लेकर 24 मार्च से लेकर 26 मार्च तक विद्यालय में अवकाश था पुनः 27 मार्च को विद्यालय खुलने के बाद देखा तो पानी टंकी के ऊपर लगा सोलर पैनल गायब है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर 340 वोल्ट का तीन पैनल लगा हुआ था। उसमें से एक पैनल 20424 में चोरी हो गया था। इसकी सूचना धुरकी थाने को दिया गया था, मगर इसका उद्भेदन नहीं हो पाने के कारण हौसला बुलंद चोरों के द्वारा विगत होली की छूट्टी में बाकी बचे दोनों पैनल चोरी हो गया है। सोलर चोरी होने की सूचना फोन के माध्यम से धुरकी थाने के साथ पंचायत के मुखिया तेज लाल राम को भी सूचित कर दिया गया है। विद्यालय बंद होने के बाद धुरकी थाना को लिखित रूप से आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया जायेगा।

## राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में वर्षों से बिजली नहीं



कांडी (आजाद सिपाही)। वर्षों से बिजली से वंचित गरदाहा हाईस्कूल को अस्थायी रूप से बिजली दी गयी है। यह टेपररी व्यवस्था आम चुनाव 2024 को लेकर की गयी है। मालूम हो कि राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में वर्षों से बिजली नहीं है। इस कारण पठन पाठन में काफी कठिनाई होती है। आईसीटी लैब द्वारा संचालित कंप्यूटर क्लास बिजली के अभाव में शुरू नहीं हो पा रहा है। दो वर्षों से सारी सामग्री बंद करके रखी हुई है। इस मामले को मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें इस स्कूल में मतदान केंद्र अवस्थित होने का हवाला दिया गया था। मालूम हो कि 2019 के आम चुनाव में यहां बिजली थी। लेकिन बाद में तेज आंधी के दौरान दो खंभे टूट कर गिर गये। अभी हाल में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता असगर अली व एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को भी इसकी जानकारी दी गयी और पोल के साथ केबुल टांगकर लाईन देने की बात कही। अधिकारी ने पोल के साथ ही बिजली देने का भरोसा दिलाया। लेकिन इधर चुनाव के कारण प्रशासन की सख्ती के कारण ट्रांसफार्मर से 11 हजार के खंभों में कुछ नीचे से बांधते हुए चीनी तार टांगकर टेंपररी लाईन जोड़ दिया गया। प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने कहा कि यह तार सभी कंप्यूटरों का लोड नहीं ले सकता। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने कहा कि चुनाव के बाद पोल गाड़कर केबुल के माध्यम से स्थायी रूप से स्कूल को बिजली दे दी जायेगी।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बुधवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ राजामेदनी रॉय इंटर कॉलेज के समीप मोटरसाइकिल की हुई आमने सामने टक्कर जिसमे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों में रेयाज खुर्सीद मेराल थाना रामगढ़ निवासी व कुलेखा बीबी पोखरी निवासी शामिल हैं। दोनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज डॉ विवेक कुमार के देखरेख में किये जाने के बाद कुलेखा बीबी को एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़पडवा के समीप भी अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान सकेन्द्र सिंह और उर्मिला देवी के रूप में हुई है। इनमें से भी एक सकेन्द्र सिंह का पैर फ्रेक्चर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर किया गया है। वहीं तीसरी घटना बेतला छिपादोहर मार्ग के टिकुलिया पत्थर के पास कार की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमें बेतला घूमने बंगाल से आये पर्यटक बाल बाल बच गये। दूसरा कार सवार को हल्की फुल्की चोटें लगी जो महुआडांड़ का बताया जा रहा है। वही चौथी घटना देवरी नदी के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किये जाने के बाद घर जाने की सलाह दी गयी।

# वाहन चेकिंग में 1 लाख 21 हजार रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में रविवार की देर रात थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व में अंतरजिला सीमा क्षेत्र के थाना गेट के समीप चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जहां चेकिंग अभियान के दौरान रांची से चतरा की ओर जा रही एक क्रेटा गाड़ी जेएच 13 जे 0060 से एक लाख 21 हजार रुपये नगद बरामद किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दिलावर ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए। उक्त चेकपोस्ट पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान। रांची से से चतरा की ओर जा रही एक करेटा गाड़ी जे एच 13 जे 0060 की तलाशी ली गई। जिसमें से नगद एक लाख 21 हजार रुपये बरामद की गई है, और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम से पुछे जाने पर कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को अपने साथ 50 हजार रुपए से कम नगद लेकर यात्रा करने पर कोई रोक नहीं है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति 50 हजार रुपये से अधिक नगद लेकर यात्रा करते हैं. तो पुलिस प्रशासन संबंधित व्यक्ति से पूछताछ करने के अलावा पैसे भी जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को सौंप देती है। आगे कहा कि अगर किसी व्यक्ति को 50 हजार रुपये से अधिक कैश ले जाना है, तो उसे अपने पहचान पत्र के अलावा पैसे निकालने से संबधित पर्ची और पैसे कहां इस्तेमाल होंगे, इसका प्रमाण भी साथ रखना होगा। अगर उपरोक्त तीनों सबूत सही पाये गये, तो प्रशासन पैसे जब्त नहीं करेगा। चेकिंग अभियान में कई पुलिस के जवान शामिल रहे।

# लोकसभा चुनाव के निमित गठित जिला स्तरीय कोषांगों की समीक्षा बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु गठित जिला स्तरीय कोषांगों की समीक्षा हेतु बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में की गयी। बैठक में कार्मिक कोषांग, निर्वाचन कोषांग, ईडीसी-पोस्टल बैलेट कोषांग, वाहन कोषांग, मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, मीडिया कोषांग, व्यय कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, नियंत्रण कक्ष, आईटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग समेत अन्य कोषांगों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। निर्वाचन कार्यों को प्रगति दिए जाने हेतु कोषांगों को सक्रिय करने और दिये गये कार्यों को त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने का निर्देश सभी कोषांगों के वरीय व नोडल पदाधिकारियों को दिया गया। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी ली गयी। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र सिंह मुंडा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, डीसीएलआर सुजाता कुजूर समेत कई अन्य कोषांगों के नोडल और वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आरटीइ के तहत छह विद्यालयों में होगा नामांकन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में लोहरदगा जिलाअंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा 1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित और कमजोर वर्ग/ बीपीएल बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस हेतु लोहरदगा जिला के अभिवंचित/बी0पी0एल0 कोटि के सभी बच्चों/ अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि निम्नवत विद्यालयों में कक्षा 1 में नामाकन हेतु www.jeplohardaga.in पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10 अप्रैल तक किया जा सकता है। इसके तहत सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मन्दिर, लोहरदगा, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल, लोहरदगा, संत लॉरेंस स्कूल झिको चट्टी, भंडरा, लोहरदगा, सन्त चार्ल्स स्कूल जॉगी, कुडू, लोहरदगा, संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा और केकेएम पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा में नामांकन करा सकते हैं। उक्त सूचना नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यकक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# इवीएम रखने के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीयकृत उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के निमित्त इवीएम वीवीपैट के कमिशनिंग हेतु स्थल चयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा आज पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त महोदया के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी संबंधित सतर्कता बरतते हुए पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। आगे उन्होने कहा कि टीम भावना से समय का पालन करते हुए कार्य पूरा कराना आप सभी की जिम्मेवारी हैं। मौके पर परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, समेत अन्य उपस्थित थे।

# 3278 परीक्षार्थियों के लिए सात परीक्षा केंद्रों के निर्धारण पर सहमति बनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा जाति आवासीय विद्यालय में वर्ष 2024-25 के रिक्ति के अनुसार वर्ग 6,7 और 8 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में कुल 3278 परीक्षार्थियों के लिए सात परीक्षा केंद्रों के निर्धारण पर सहमति बनी। लोहरदगा जिला में यह परीक्षा सात परीक्षा केंद्रों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा, उसुर्लाईन कॉन्वेंट मध्य विद्यालय, लोहरदगा, मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला महाविद्यालय, राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, मंजूरमती उच्च विद्यालय लोहरदगा शामिल हैं।

**किस विद्यालय में कितनी रिक्ति :** लोहरदगा जिला में एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा में कक्षा 6 में नामांकन के लिए 60, कक्षा 7 के लिए 2 और कक्षा 08 में 01 रिक्ति है। इसी प्रकार आश्रम बालक विद्यालय परहेपाट किस्को में कक्षा 06 में 40 सीट रिक्त है। कक्षा 07 एवं 08 में रिक्ति शून्य है। किस्को स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय किस्को में कक्षा 07 में नामांकन के लिए कुल 10 रिक्त सीट है। अन्य कक्षा के लिए शून्य है। तीनों विद्यालय को मिलाकर नामांकन के लिए कक्षा 06 के लिए 1691, कक्षा 07 के लिए 983 और कक्षा 08 के लिए 604 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 7 अप्रैल को 11 बजे पूर्वाहन से 02 बजे अपराह्न तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

# आंधी-तूफान से गरीबों के उड़े आशियाने



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद आयी अचानक आंधी तूफान बारिश और ओलावृष्टि से क्षेत्र के कई गरीबो का छप्पर उड़ गया तो कई स्थानों पर घरों में बड़े-बड़े पेड़ गिर गये। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के चितिरी डांडू पंचायत अंतर्गत एकागुड़ी ग्राम निवासी मुनी देवी, खादी उराइन और प्रीति उरांव के घर पर विशाल फुटकल का पेड़ गिरने से तीनो का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही पीड़ितों का कहना है कि पेड़ गिरने से परिवार के सामने सर छुपाने और रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। घर पर पेड़ गिरने से गरीब परिवारों को लाखों रुपये का क्षति हुआ है। वही क्षेत्र में आंधी तूफान से हुए क्षति की जानकारी मिलते ही अंचल पदाधिकरी राकेश कुमार तिवारी अंचल निरीक्षक के साथ मौके पर पहुंच कर क्षति का जायजा लेते हुए सरकारी नियम के अनुसार क्षतिपूर्ति देने की बात कही एवं आवेदन के साथ जरूरी कागजात की छाया प्रति अंचल कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया।

# अनिर्मित सड़क गांव वालों और राहगीरों के लिए हो रही है जानलेवा साबित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें बेहतर और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो इसे लेकर सरकार की ओर से जनहित में लाखों करोड़ों रुपए खर्च की जा रही है। इस बात का जमीनी हकीकत बयां कर रही है सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरी में एनआरईपी डिपार्टमेंट से लगभग 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित करायी जा रही पीसीसी पथ। उल्लेखनीय है कि उक्त सड़क का अधूरा निर्माण कार्य कर के विगत 3 माह पहले से संवेदक द्वारा छोड़ दिया गया है। जिससे उक्त सड़क से गुजरने वाले आम आवाम को बड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है। गांव वालों के मुताबिक जोरी फारूख अंसारी के घर से मकतब तक बनायी जा रही उक्त सड़क के बीचों-बीच गिट्टी मेटेरियल और बालू संवेदक द्वारा गिराकर छोड़ दिया गया है जो और भी मुसीबतों का सबब बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर गिराया गया मेटेरियल से आवागमन बाधित हो गया है और सड़क किनारे बनी नाली में गिर जाने से गांव से निकलने वाली गंदे पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया है। जो हर वक्त गांव वालों के बीच कई गंभीर बीमारियों को न्योता दे रही है। यहां पर ग्रामीणों ने बताया कि एनआरईपी डिपार्टमेंट के कनीय अभियंता मोहम्मद रेयाजुद्दीन स्थल निरीक्षण से गुरेज रहते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक विभाग के कनीय अभियंता मोहम्मद रेयाजुद्दीन से दूरभाष पर बात कर कार्य शीघ्र पूरा कराए जाने हेतु फोन की जाती है तो फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। ज्ञात हो कि सड़क निर्माण कार्य ठंढ्ढे बस्ते में पड़े रहने से हर वक्त उक्त पथ से आवागमन करने वाले लोगों के बीच मौत मंडराते रहता है।

# चालक को नींद आने से वाहन पलटा


**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के सीठीयो ग्राम में मंगलवार अहले सुबह लोहरदगा से मुर्गी लाद कर बेड़ो की ओर जाने के दौरान पिकअप वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिससे वाहन में लदा हुआ सैकड़ो मुर्गी की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लोहरदगा से बेड़ो जाने के दौरान चालक को आंख लग गयी थी। जिसके कारण यह हादसा हुआ। जबकि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे नाली निर्माण नही होने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बना हुआ है। कहा गया कि घटना के समय सभी लोग अपने घर मे सो रहे थे। उसी दौरान यह घटना घटी। जिसकी सूचना सेन्हा थाना के एसआइ मनोज कुमार को मिलते ही दलबल के साथ पहुंच घटना स्थल पहुंच घटना की जायजा लेते हुए कारवाई में पुलिस जुट गयी है।

# बच्चू यादव के समर्थकों ने मांगी रंगदारी, मना करने पर मारा-पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बाहुबली बच्चू यादव और उनके आदमियों पर एक शख्स से रंगदारी मांगने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित नितेश कुमार गुप्ता ने इस संबंध में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना होली वाले दिन की बतायी जा रही है। नितेश कुमार गुप्ता का आरोप है कि होली वाले दिन अपने घर के दरवाजे पर कुर्सी में बैठे थे कि तभी दुर्गेश और अरविंद सहित चार लोग आये। ये कह कर रंगदारी मांगी कि होली है, 2000 रुपये दो। आरोप है कि बच्चू यादव के नाम की धौंस दिखा कर उसके पूरे परिवार की पिटाई की गयी। साहिबगंज जिला के तालझारी प्रखंड अंतर्गत सकरीगली में बड़ी भगियामारी गांव के रहनेवाले नितेश कुमार गुप्ता ने तालझारी थाना में दिये लिखित आवेदन में बताया है कि दुर्गेश और अरविंद सहित चार लोगों ने खुद को बच्चू यादव का आदमी बताते हुए रंगदारी मांगी और मना करने में उसे, उसकी पत्नी, बड़े भाई और भाभी की पिटाई की। पत्नी का कहना है कि आरोपियों ने उसे और उसकी जेठानी को बुरी तरह से पीटा। पिटाई की वजह से उसके जेठ की आंख में गंभीर चोट आयी है। नितेश का आरोप है कि पुलिस भी आरोपियों का ही साथ दे रही है। पीड़ित नितेश ने आरोप लगाया है कि थाने में शिकायत करने पर बड़ा बाबू ने उसे ही धमकाया। कहा कि गलती तुम्हारी ही होगी।

# आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से फसल हुई बर्बाद, किसान चिंतित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** होली से एक दिन पूर्व प्रखंड क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश अंधी तूफान के साथ हुए ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूट गयी है। बीते दिनों प्रखंड क्षेत्र के उरु, बाजार डांडू, चौकनी, हेसवे, मुर्की, रानीगंज, सेन्हा, बदला, एकागुड़ी, बरही सहित अन्य गांवों में ओलावृष्टि होने से गरीब किसानों का फसल बर्बाद हो गया। वही कुछ बचे हुए फसलों को सोमवार को हुए ओलावृष्टि ने बर्बाद कर दिया। जिसे त्योहार पर तो मौसम का असर पड़ा ही साथ ही गरीब किसानों का फसल भी बर्बाद हो गयी। फसल बर्बाद होने से किसान काफी चिंतित हैं। जिसे एक बार फिर मुआवजे को लेकर प्रखंड प्रशासन की ओर आस लगाये हुए हैं। सोमवार की दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज हवा के साथ पानी व पत्थर बरसने लगा। जिसे त्योहार में खलल पैदा हो गया। लोग होली का त्यौहार मनाना छोड़कर बचाव के लिए घरों में दुबक गये। प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों में ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। लोग होली पर्व पर उत्सव मनाने में मशगूल थे। परंतु सोमवार को दोपहर में अचानक आसमान में बादल छाने लगे तेज हवा के साथ आंधी तूफान चलने और बड़े बड़े ओले गिरने लगे। जिससे ओला की परत बिछ गयी। जिसे किसानों का फसल को काफी नुकसान हुआ है।

# महुआडांड़ पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह का हुआ जोरदार स्वागत



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार महुआडांड आगमन पर महुआडांड के वरिष्ठ भाजप नेता भुवनेश्वर सिंह एवं संजय जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए शॉल ओड़ाकर सम्मानित किये। सम्मानित किये जाने वालों में लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडेय, रामदेव सिंह, बिष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह आदि का नाम शामिल है। सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजप नेता भुवनेश्वर सिंह, संजय जायसवाल, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, महामन्त्री जमुना प्रसाद, भाजयुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह, संजय राय, अमित जायसवाल, राम जायसवाल, भरत राम, हरेंद्र नाथ शाह, बंधा राम, अनिल सिन्हा आदि का नाम शामिल है।

# कालीचरण सिंह पहुंचे बालूमाथ, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

संतोष सिन्हा



बालूमाथ (**आजाद सिपाही**)। देश का पीएम नरेंद्र मोदी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के साढ़े छह लाख मतदाताओं के मांग को भली-भांति समझते हुए चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय बेटा व भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को टिकट देकर सभी मतदाताओं का मनमोह लिया है। अब फैसला चतरा लोकसभा क्षेत्र के साढ़े छह लाख मतदाताओं को करना है। इसी कड़ी मे चतरा लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह बालूमाथ स्थित होटल देव इन पहुंचे। जहां पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और कालीचरण सिंह जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, भारत माता की जय आदि नारे लगाये। मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि क्षेत्र की तमाम जनता और भाजपा कार्यकताओं के बदौलत ही भाजपा ने हम पर विश्वास जताया है। जिसे देखते हुए मैं आपकी आशा विश्वास को हमेशा बनाए रखूंगा। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ साथ क्षेत्र के तमाम लोगों को होली की हार्दिक बधाई दी। मौके पर कालीचरण सिंह ने क्षेत्र की तमाम कार्यकर्ता और अभिभावकों आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रही है और उनका नारा इस बार 400 के पार को ध्यान में रखते हुए सभी लोग तन मन धन से भाजपा के पक्ष में काम करते हुए झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों से एनडीए के प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करे। मालूम हो कि 24 मार्च को भाजपा ने अपनी पांचवें लिस्ट जारी करते हुए चतरा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट को काटते हुए वर्तमान में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यहां उल्लेखनीय है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र मे आजादी के बाद से लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पडने वाले क्षेत्र से कभी भी स्थानीय सांसद नहीं बन पाए थे, जिस कारण इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं ने वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह के क्रियाकलाप से ना खुश होकर जमकर विरोध किया। जिसे देखते हुए चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**स्थानीय उम्मीदवार देने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर :** इस बार लोकसभा 2024 के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखी गई भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अबकी बार 400 पार और कालीचरण सिंह चतरा लोकसभा सीट से 5 लाख से पार की नारा लगाया गया। मौके पर रामजी सिंह, रविन्द्र सिन्हा-भानु, शैलेश सिंह, रवि सिंह, संतोष कुमार सिन्हा, लव सिंह, सुनील पांडेय, अखिलेश भोक्ता उपेन्द्र रंगीला, लालदेव गंझू, कृष्णा यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष दसरथ ठाकुर, मंडल महामंत्री विजय यादव, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो परिवारों के बीच मारपीट में 12 घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के तेल गांव में मंगलवार की अपराह्न दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से 12 लोग घायल हो गए। सभी घायल अपना इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे जहां लोगों की भीड़ लगी रही। अस्पताल में दोनों पक्षों के बीच हो हंगामा होने लगा। इसके बाद गुमला थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक परमानंद साहू गांव के किराना दुकान पेट्रोल लेने गया था। तभी राजेश साहू उसके सिर में 1 लीटर पेट्रोल डाल दिया। इसके बाद राजेश अपने भाई दीपक को फोन कर बुलाया। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। वहीं लोगों ने मामले को शांत कराया। इसके बाद लक्ष्मण साहू, भारत साहू, रामा साहू, चतुर्गुण साहु, राजेश साहू व बालो देवी राजेश साहू के घर पहुंचे और पंचायत समिति सदस्य सुशीला देवी उसके पति प्रदीप साहू बनु साहू, कार्तिक गोप, प्रभु साहू, परमानंद साहू के साथ जमकर मारपीट किया। वहीं प्रदीप साहू के कान को किसी ने काट लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों परिवारों के बीच पूर्व से ही किसी बात को लेकर विवाद था। वहीं कुछ युवक शराब के नशे में थे। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने थाना में केस करने की बात कही।

# अवैध हथियार और गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** पुलिस ने अवैध हथियार रिवाल्वर और गोली रखने के आरोप में दो युवक क्रमश लुंगटु पंडराटोली निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पिता सुकरा सिंह एवं लुंगटु निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार पिता पंचू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बसिया के एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि होली पर्व को देखते हुए गुमला एसपी के द्वारा सभी थाना क्षेत्र में शाम के समय विभिन्न चौक चौराहों पर जगह बदल बदल कर सघन वाहन चेकिंग करने हेतु आदेश था उक्त आदेश के आलोक में संध्या गश्ती दल शाम करीब 8 बजे कुम्हारी चौक पर वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल काफी तेजी से बसिया सिसई रोड से कुम्हारी चौक की ओर आ रहे बाइक को रोकने का इशारा किया परंतु उक्त मोटरसाइकिल पर सवार दोनो व्यक्ति अपना मोटरसाइकिल मोड़ते हुए भागने का प्रयास करने लगे जिसे संदेह होने पर सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया पुलिस द्वारा नाम पूछने पर दोनो ने अपना नाम लक्ष्मण सिंह एवं सुनील कुमार बताया। इसके उपरांत पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर लक्ष्मण सिंह के दाहिने कमर के तरफ खोसा हुआ एक देशी रिवाल्वर जिसका बट भूरा रंग एवं बट में स्कू लगा हुआ था साथ ही बट पर लाल पीला मौली धागा बंधा हुआ जिसके ड्रम्प पर चार जिंदा गोली लोड एवं गोली के पेंदे पर केएफ एवं 7.65 लिखा हुआ बरामद हुआ।दूसरे व्यक्ति सुनील कुमार की तलाशी लेने पर उंसके दाहिने तीन जिंदा गोली बरामद किया गया।एसडीपीओ नाजिर अख्तर द्वारा जानकारी दी गयी कि रिवाल्वर देशी होने के वावजूद काफी मजबूत है और एक बार मे 8 राउंड गोली फिट होती है। पुलिस द्वारा आरोपियो के पास से हौंडा कम्पनी का एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।इस छापामारी दल में थाना प्रभारी पुनीत मिंज,एसआइ धीरज कुमार सिंह,एएसआइ बुद्धदेव उराँव,आरक्षी दीपक कुमार प्रमाणिक,अल्बर्ट एक्का, एवं करमा उराँव शामिल थे।

## शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में लड़ाई, पत्नी ने की आत्महत्या



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के होलंग बृजिया टोली निवासी 25 वर्षीय बसंती बृजिया ने मंगलवार देर शाम अपने घर के पीछे ओरयानी के लकड़ी में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर बिशुनपुर पुलिस बुधवार सुबह घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में पति विजय बृजिया ने बताया कि मंगलवार को गांव में लोग होली का त्यौहार मना रहे थे मेरी पत्नी भी हडिया दारु पी कर नशे में थी। मैं मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बिशुनपुर आया हुआ था जहां से मैं गांव लौटा तो देख मेरी पत्नी नशे की हालत में है मैंने तुम शराब क्यों पीती हो यह कह कर उसे डाटा और घर ले गया। इसके उपरांत लगभग रात 7:00 बजे वह बाथरूम के बहाने घर से निकली और काफी देर तक घर वापस नहीं आई तो मैं उसके मोबाइल पर फोन किया तो रिंग घर के पीछे सुनाई दे रही थी मैं जाकर देखा घर के ओरयानी में वह रस्सी के सहारे लटक रही थी जिसकी सूचना में अपने घर वालों और गांव वालों को दी जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। विजय ने पुलिस को बताया कि मैं शराब नहीं पीता हूं और बाहर इट भठे में काम करता हूं त्योहार को लेकर मैं घर आया था और मेरी पत्नी शराब के नशे में थी इसलिए थोड़ा सा डांट दिया और यह घटना घट गई। मेरा एक 6 साल एवं 4 साल का बेटा भी है मेरे सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई।

## शक्ति मंदिर के समीप बाइक सवार ने मोपेड सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर के समीप मोपेड सवार व्यक्ति को बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया। घटना में मोपेड में सवार दो बच्चे सहित पिता घायल हो गया। घटना में बाइक सवार को भी सिर में चोट लगी लेकिन बाइक सवार उठकर घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने दोनों बच्चे और पिता को सड़क किनारे किया। जानकारी के मुताबिक सीलम अंबा टोली निवासी मनोहर उरांव अपने 5 वर्षीय पुत्र सिद्धांत लकड़ा तथा 3 वर्षीय बेटी तनु लकड़ा को लेकर धौढा टोली मेहमान गया था। वापसी के क्रम में शक्ति मंदिर के समीप सामने से एक बाइक ने टक्कर मार दिया। घटना में तनु के पैर में चोट लगी और सिद्धांत को हल्की चोट लगी। जबकि मनोहर को चेहरा व पैर में काफी चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सिकोइ गांव के एक होटल में आसमानी बिजली की चपेट में आने से 6 लोग घायल, तीन गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकाई गांव के एक होटल में सोमवार की अपराह्न लगभग 3:30 बजे आसमानी बिजली गिरने से होटल में मौजूद छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल निजी वाहन से उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल सिकोई निवासी होटल मालिक जलधर मुंडा, शत्रुघ्न गोसाई और करमी देवी को सदर अस्पताल लाया गया। वहीं पुआ मुंडा, बबलू गोसाई और जयमुनी कुमारी का उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक अपराह्न लगभग 3:30 बजे बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए पांच लोग उक्त होटल पहुंचे और होटल के कमरे में बचने लगे तभी आसमानी बिजली के गिरने से चार लोग बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया।

## नेतरहाट रोड चांदनी चौक के समीप पैदल चल रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट रोड चांदनी चौक के समीप पैदल चल रहे घाघरा जलका रोड निवासी 25 वर्षीय युवक विवेक कुमार को पीछे से एक कार ने टक्कर मार दिया। इसके बाद कार घटना स्थल से तेजी से नेतरहाट की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घायल युवक को मंगलवार की रात करीब 9:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना में युवक के सिर व चेहरा में काफी चोट लगी। जानकारी के मुताबिक युवक घर से अपने एक दोस्त के पास होली खेलने जा रहा था तब यह घटना घटी।

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 6 घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में छह लोग घायल है। पहली घटना प्रखंड क्षेत्र के नवडीहा महदनिया टोली के समीप घटी मोटरसाइकिल में सवार हो कर तीनो युवक नवडीहा से घाघरा की ओर आ रहे थे इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरे घायल में अंशु कुमार, राजवर्धन कुमार व प्रमोद कुमार है। ग्रामीणों की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना प्रखंड मुख्यालय में ही घटी लगभग 5 वर्षीय अज्ञात बच्चा को अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मारा जिससे बच्चा का पर टूट गया जिसके बाद बच्चा को भी गुमला रेफर कर दिया गया। तीसरी घटना प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड पर घटी जहां घाघरा निवासी विवेक कुमार देर शाम सड़क किनारे पैदल चलकर अपना घर जा रहा था, इसी दौरान पीछे से आकर एक अल्टो कार ने जोरदार टक्कर मारा विवेक को भी घाघरा में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## रोटरी क्लब के समीप ठेले वाले युवक को स्कूटी चालक ने मारी टक्कर

गुमला। शहर के पालकोट रोड स्थित रोटरी क्लब के समीप ठेले वाले युवक को स्कूटी चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया घटना में शांति नगर निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र भारती गंभीर रूप से घायल हो गया घटना में उसका एक पैर टूट गया वहीं स्कूटी चालक घटनास्थल से स्कूटी लेकर तेजी से फरार हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया उसका इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक ठेला वाला काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था तभी रोटरी क्लब के समीप पीछे से एक स्कूटी चालक उसे टक्कर मारकर घटना सबसे फरार हो गया।

# चैती तृतीया सरहुल महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर ।** चला अखड़ा खोड़हा क्षेत्रीय 24 पड़हा के द्वारा प्रखंड स्तरीय चैती तृतीया सरहुल महोत्सव का आयोजन कोको टोली गांव में किया गया जिसका अध्यक्षता गांव के बैगा तेतरु उरांव ने की। सर्वप्रथम बैगा के द्वारा परंपरा अनुसार विधि वक्त पूजा पाठ किया गया। उक्त महोत्सव में पड़हा समाज के लोग काफी संख्या में हिस्सा लिए मौके पर बैगा ने कहा कि परंपरा पर पैनी नजर रखते हुए उक्त महोत्सव का आयोजन किया गया है। इधर 24 पड़हा के अध्यक्ष सतीश उरांव ने कहा कि धार्मिक सामाजिक राजनीतिक अगुवओ से अपील है कि परंपरा व संवैधानिक समाज की परंपराओं से बचपना न करें इससे समाज की नीति विधि व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है जिसमें 32 समुदाय के आदिवासियों को क्षति होगी। इस मौके पर चंद्रेश भगत सोमेश्वर बैगा रामेश्वर मुंडा रामजित बृजिया जुगनू उरांव चामुंडा बसंत खेरवार जलेश्वर खेरवार कुलदीप उरांव गोले उरांव बलराम उरांव बसनू उरांव सहित समाज के महिला पुरुष काफी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूटी सवार युवक अनियंत्रित होकर पानी भरे खेत में गिरा, मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरा जाम टोली निवासी 22 वर्षीय दिलीप लकड़ा पिता लइटू लकड़ा स्कूटी से अनियंत्रित होकर ठेला बांध के समीप सड़क किनारे खेत में जाकर गिरा और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। सड़क से गुजर रही गांव की एक महिला लेलो देवी की नजर खेत के पानी में गिरे युवक पर पड़ी। महिला ने तत्काल युवक को पानी से खींचकर बाहर निकाला और गांव में जाकर ग्रामीणों को यह बात बताई ग्रामीण परिजनों के साथ घटनास्थल पहुंचे और युवक को खेत से बाहर निकाल कर ऑटो की मदद से सदर अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक गांव के एक व्यक्ति का स्कूटी मांग कर कहीं जा रहा था।

# 1.440 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना की पुलिस को रविवार शाम करीब 5:00 बजे गुप्त सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल व स्कूटी पर सवार होकर गुमला से ब्राउन शुगर का पुड़िया लेकर रायडीह की ओर आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रायडीह थाना क्षेत्र के वासुदेव कोना के पहाड़ी रास्ते से बाइक व स्कूटी में सवार रायडीह थाना अंतर्गत शाही टोली निवासी 24 वर्षीय दीपक उरांव पिता बुद्धदेव उरांव वर्तमान पता रायडीह पतरा टोली, साबिर शेख उम्र 29 वर्ष पिता तुरीकुल इस्लाम वर्तमान पता वासुदेव कोना रायडीह स्थाई पता मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। पकड़े अभियुक्त के निशानदेही पर ब्राउन शुगर बेचने वाले कारोबारी गुमला निवासी लखन कुमार पिता स्वर्गीय दिलीप साहू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के पास से 1.440 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। वहीं स्कूटी, बाइक व तीन स्मार्टफोन को भी पुलिस ने जप्त किया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक रायडीह, रायडीह थाना के एस आई युधिष्ठिर कुमार, राकेश कुमार सिंह, मुकेश प्रताप टुडू, विनय कुमार सहित रायडीह थाना सेट 11 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वहीं सोमवार की अपराह्न तीनों अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# स्वयं सेवक संघ ने बीपीआरओ के हाथों सौंपा बीडीओ को ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ गुमला अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर सरकारी योजनाओं के कार्य से खुद को अलग रखा था। वही 12 मार्च 2024 के कैबिनेट की बैठक में मांग पूर्ण होने के पश्चात संघ द्वारा हड़ताल को स्थापित करते हुए पुनः 18 मार्च 2024 से अपने कार्य में योगदान देने का निर्णय लिया और योगदान संबंधी आवेदक को बीपीआरओ के हाथों बीडीओ के नाम दिया। आवेदन देने वालों में संघ के बंदी राम बरला, राशिद अली, दीपक कुमार गुप्ता, मोहम्मद मेराज आलम, शीला कुमारी,कुंती कुमारी, पूनम देवी, रीना बाखला,प्रभा मिंज, मोहम्मद नईम अंसारी, गनसु राम साहू, संजय कुमार साहु, आरती कुमारी, नीतू देवी सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

### अबुआ आवास योजना की सूची में गड़बड़ी की आशंका

# जांच के बाद ही आवास निर्माण के लिए खाते में जायेगी राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में कई गड़बड़ी होने की शिकायत सामने आ रही है। तय लक्ष्य के अनुसार लाभुकों की सूची जो सामने आ रही है, उसमें ही गड़बड़ी किये जाने की शिकायत लगातार सरकार को मिल रही है। कई ग्राम पंचायत के मुखिया पर भी आरोप लग रहे हैं कि सूची तैयार कराने में उनकी भूमिका सही नहीं थी, वहीं कई ग्राम पंचायत के मुखिया स्वयं ही रिपोर्ट कर रहे हैं कि गलत सूची बनायी गयी है। ग्रामसभा में भी अनदेखी हुई। ऐसे में ग्रामीण विकास विभाग ने लाभुकों की सूची की विस्तृत जांच के बाद ही अबुआ आवास योजना के लिए राशि भुगतान करने का आदेश सभी जिलों को दिया है। बता दें कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों को आवास देने का लक्ष्य रख कर योजना स्वीकृत की गयी। तीन साल में आठ लाख को आवास देने का टारगेट था। लाभुकों से आवेदन लिये गये। करीब 30 लाख लाभुकों ने आवेदन किया। इसकी जांच प्रारंभिक रूप से करायी गयी है, जिसमें करीब 20 लाख लाभुकों को योग्य पाया गया। सरकार ने ऐसे में लाभुकों के लक्ष्य को बढ़ा कर 20 लाख तक करने की स्वीकृति दी है। अब इस सूची में शिकायत सामने आ रही है। कई जगह यह बात सामने आयी कि एक ही परिवार के कई लोगों ने आवेदन किये और इनको आवास भी स्वीकृत हुआ है। अब शिकायतें सामने आ रही हैं कि इनके चयन में गड़बड़ियां की गयी हैं। झारखंड सरकार ने वैसे गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की है, जिन्हें अब तक इंदिरा आवास, पीएम आवास ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना सहित किसी अन्य योजना से आवास स्वीकृत नहीं हुआ।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र के तेवर पानी निवासी 19 वर्षीय जुवेल मुंडा मंगलवार की रात अपने घर के बाहर स्थित पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घटना की सूचना परिजनों ने गुरदरी पुलिस दी इसके उपरांत थाना प्रभारी संजीवन उरांव अपने टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजो इधर घटना के संबंध में परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में रह रहा था उससे पूछे जाने पर वह कुछ भी नहीं बता रहा था। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद वह सोने चला गया और हम लोग भी खाकर सो गए तभी वह रात में उठकर अचानक बाहर निकाला और पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।

# भारत का तीसरा विश्वविद्यालय है झारखंड रक्षा शक्ति विवि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय भारत का तीसरा रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 2017 में की गयी। इससे पहले भारत के दो राज्यों में ही रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय था। एक राजस्थान में, दूसरा गुजरात में। तीसरा रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय झारखंड की राजधानी रांची में खोला गया। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान समय में नौ विषयों की पढ़ाई हो रही है। हालांकि इस विश्वविद्यालय में अभी स्थायी कुलपति नहीं हैं। प्रभारी झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव राहुल पुरवार हैं।

झारखंड के आरक्षी भर्ती में इस विश्वविद्यालय के छात्रों को 10-15 अंकों की छूट मिलती है। इस विश्वविद्यालय के शिक्षक और इस्ट्रक्टर छात्रों को पढ़ाई, शारीरिक प्रशिक्षण और अन्य गतिविधि सिखायी जाती है। जो एनडीए और सीडीएस जैसी बहालियों में काम आता है। इस विश्वविद्यालय में कैंपस से नौकरी भी लगती है। प्रत्येक साल छात्रों का कैंपस सेलेक्शन भी होता है। कैंपस के लिए कई कंपनियां विश्वविद्यालय आती है।

**इन विषयों की होती है पढ़ाई:**

एमएससी इन फॉरेंसिक साइंस

एमए/एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी एंड फायर सेफ्टी मैनेजमेंट

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट


बीएससी इन कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड साइबर सिक्योरिटी

बीबीए इन सिक्योरिटी मैनेजमेंट

डिप्लोमा इन पुलिस साइंस

# बीडीओ ने चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ बुधवार को समीक्षा बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने मतदाता बूथ केंद्रो में मूलभूत सुविधा पानी बिजली शौचालय फर्नीचर सहित कई सुविधा से संबंधित जानकारी ली। साथ ही जिन मतदान बूथ केंद्रो पर मूलभूत सुविधा का अभाव है। उसका जल्द रिपोर्ट जमा करने की बात कही। ताकि जल्द से जल्द संबंधित विभाग को अवगत कराकर मूलभूत सुविधा को पूरा करने का कार्य किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियो को किसी भी तरह का परेशानी ना हो जिसके लिए आप सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी रिपोर्ट जल्द से जल्द जमा करें। ताकि उसे पर कार्य कराया जा सके। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, सतीश बंसल, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों ने बौद्ध वृक्ष और पंचशील झंडे को जलाया, विवाद

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत वन विभाग के भांवर पहाड़ पर लगे बौद्ध वृक्ष और पंचशील झंडे को असामाजिक तत्वों ने होलिका दहन की रात जला दी। वृक्ष और झंडे को जलाए जाने पर ग्राम पंचायत सरसोत टोला पांचूडीह के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इसे लेकर बुधवार को खड़गपुर मुखिया के गार्जियन सतेन्द्र मेहता की अध्यक्षता में ग्राम पारपहार, भुलाईडीह और पांचूडीह के ग्रामीणों के साथ स्थल पर बैठक की गई।जिसमे ग्राम पारपहार और भुलाईडीह के ग्रामीणों ने बौद्ध वृक्ष व झंडे लगाए जाने पर आपति जताया। विवाद उत्पन्न की स्थिति को देख राजद नेता कमलेश कुमार यादव, प्रमोद कुमार रवि, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, स्वर्गीय सरजु मेहता, राजेश्वर राम, रामवृक्ष पासवान, कमलेश यादव, हिरा यादव सहित कई सामाजिक कार्यकताओं ने फील हाल मामले की तिथि आगे बढ़ा दी है।मौके पर सामाजिक कार्यकताओं ने दोनों पक्षों को समझाते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध हमेशा शांति का संदेश दिया है, उनके विचारों पर अमल करें। उधर टोला पांचूडीह के ग्रामीणों ने महात्मा गौतम बुद्ध, रविदास जी का चित्र, पंचशील के साथ बौद्ध वृक्ष को जला देने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## मारपीट में एक युवक घायल, दो जेल में

**हरिहरगंज/पीपरा/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के शोभिचक गांव में सोमवार को होली समारोह पर जुलूस के दौरान छोटी बात पर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गई। विवाद इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में जम कर मारपीट हुई। जिसमें शोभिचक निवासी तपेश्वर पासवान के पुत्र रामाशीष पासवान घायल हो गया, जिसे चिकित्सकों ने मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वहीं मारपीट में शामिल दो लोगों को बुधवार को जेल भेजा गया। इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी बीमल कुमार ने बताया कि जुलूस के दौरान दो पक्षों में मारपीट हुई। पीपरा थाना कांड संख्या 11/12/24 के तहत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा

## पुलिस ने अवैध विदेशी शराब का जखीरा किया बरामद, एक गिरफ्तार



**विश्रामपुर (पलामू)(आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुलसुलामा गांव में छापामारी कर एक घर से अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने शराब के अवैध कारोबारी एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुसुलमा गांव में सुमारू साह के घर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई। छापेमारी में दौरान घर से 49 पिस 650 एमएल किंगफिशर कंपनी की बियर बोतल और 51 पीस 180 एमएल इंपिरियल ब्लू विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया। अवैध कारोबार में शामिल सुमारू साह को गिरफ्तार भी कर लिया गया। उन्होंने बताया कि कांड संख्या 12/24 धारा -272/273 पीसी और 47(ए) के जहर मामला दर्ज कर अग्रिम करवाई की जा रही है। थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार पनपने नहीं दिया जायेगा। छापेमारी अभियान में कई और पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी परिजनों जतायी हत्या की आशंका



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जपला देवरी रोड स्थित स्वामी गैस गोदाम के समीप उदय पासवान का पुत्र सुजीत पासवान 30 वर्ष ने मंगलवार की देर रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना की सुचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव का रहने वाला था। वह पिछले कई सालों से गैस गोदाम के समीप एक किराया के घर में पत्नी के साथ रहता था । उसने प्रेम प्रसंग में शादी करने के बाद ट्रैक्टर चालक का काम करता था, पुलिस ने इसकी सूचना उसके घर वालों को दी है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उधर परिजनों ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। उधर हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इसकी गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा।

# घर में घुस कर सजायाफ्ता व्यक्ति समेत दो की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू में अपराधियों का तांडव जारी है। जेल से बाहर निकले एक सजायाफ्ता व्यक्ति सहित दो लोगों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी। दोनों शव एक ही जगह से बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।मृतक की पहचान राजमोहन पोलू एवं एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुई है। दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। यह घटना बुधवार दोपहर की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी रिष्मा रमेशन, सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि राजमोहन ने एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसी दौरान उसने एक गाय को भी गोली मार दी। घटना के बाद पूरे मामले में हंगामा हुआ था। पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान करते हुए राजमोहन पोलू को दोषी पाया था। कोर्ट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए राजमोहन पोलू को 10 वर्ष की सजा सुनायी थी। जानकारी के अनुसार, राजमोहन पोलू पूर्व में कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ था। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार दोपहर एक पूर्व कांग्रेसी नेता की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजमोहन पोलु के रूप में हुई है। अपराधियों ने उनके घर के सामने ही वारदात को अंजाम दिया है। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति का शव भी बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कुछ दिनों पहले ही राजमोहन पोलू जेल से बाहर निकाला था और चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अपने घर में रह रहा था। बुधवार की दोपहर अचानक कुछ अपराधी घर में दाखिल हुए थे और दोनों की हत्या कर दी। दोनों की गोली मार कर हत्या की गयी है।

## बच्चू यादव के आदमी आये और रंगदारी मांगी, मना करने पर पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बाहुबली बच्चू यादव और उनके आदमियों पर एक शख्स से रंगदारी मांगने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित नितेश कुमार गुप्ता ने इस संबंध में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना होली वाले दिन की बतायी जा रही है। नितेश कुमार गुप्ता का आरोप है कि होली वाले दिन अपने घर के दरवाजे पर कुर्सी में बैठे थे कि तभी दुर्गेश और अरविंद सहित चार लोग आये। ये कह कर रंगदारी मांगी कि होली है, 2000 रुपये दो। आरोप है कि बच्चू यादव के नाम की धौंस दिखा कर उसके पूरे परिवार की पिटाई की गयी।

साहिबगंज जिला के तालझारी प्रखंड अंतर्गत सकरीगली में बड़ी भगियामारी गांव के रहनेवाले नितेश कुमार गुप्ता ने तालझारी थाना में दिये लिखित आवेदन में बताया है कि दुर्गेश और अरविंद सहित चार लोगों ने खुद को बच्चू यादव का आदमी बताते हुए रंगदारी मांगी और मना करने में उसे, उसकी पत्नी, बड़े भाई और भाभी की पिटाई की। पत्नी का कहना है कि आरोपियों ने उसे और उसकी जेठानी को बुरी तरह से पीटा। पिटाई की वजह से उसके जेठ की आंख में गंभीर चोट आयी है। नितेश का आरोप है कि पुलिस भी आरोपियों का ही साथ दे रही है।

पीड़ित नितेश ने आरोप लगाया है कि थाने में शिकायत करने पर बड़ा बाबू ने उसे ही धमकाया। कहा कि गलती तुम्हारी ही होगी। नितेश का यह भी आरोप है कि उन्होंने शाम 5 बजे ही थाने में आवेदन दिया था, जिसे 4 घंटे की देरी से रात को 9 बजे स्वीकार किया गया। नितेश का दावा है कि देर रात बच्चू यादव करीब 20 लोगों के साथ घर आये और केस वापस लेने का दबाव बनाया। मना करने पर गोली मारने की धमकी दी। नितेश का कहना है कि वह और उसका परिवार डरा हुआ है। पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए।

## बसपा नेता मनीष सिंह ने हरिहरगंज का किया दौरा



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** बसपा के झारखण्ड प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बुधवार को हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान प्रखण्ड के ग्राम सरसोत अंतर्गत बसपा के पुराने और नए कार्यकताओं से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में एकता का परिचय देते हुए पार्टी को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, जिला पदाधिकारी प्रदीप कुमार मेहता, मदन कुमार भारती, वीरेंद्र राम,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सूरजमल राम, गुडू भुइयाँ,दिनेश गुप्ता,सरजू राम,रवि कुमार,सतेन्द्र मेहता, इंद्रदेव भारती,श्याम सुंदर देहाती, प्रताप कुमार,बालकुवर राम,नागदेव भारती,शिव शंकर राम, सूरज कुमार,मंगलदेव राम,अरुण यादव,अमित मिश्रा, राहुल सिंह, निरंजन सिंह,रवि खरवार सहित कई लोग शामिल थे।

## एक युवक की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में भाई ने अपने ही चचेरे भाई की गोली मारने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी। मृतक का नाम मनोज है। घटना मंगलवार की रात 10:40 बजे के करीब की है। जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व मनोज चौधरी ने अपने चचेरे भाई के साथ गाली गलौज की थी। उसके प्रतिशोध में घटना को अंजाम दिया गया है। मनोज पर पर पहले से ही कई आपराधिक मामले थाने में दर्ज हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव कब्जे में लिया। मामले की जांच जारी है। बता दें कि दो दिन पहले कोयल नदी में दो युवकों की तेज धारदार हथियार से हत्या हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक मनोज कुमार चौधरी पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर का रहने वाला था और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। मनोज चौधरी गढ़वा के अनराज घाटी में लूटपाट और अपहरण का आरोपी था। मिली जानकारी के अनुसार मनोज चौधरी का होली से पहले अपने गोतिया में विवाद हुआ था। होली के मौके पर मंगलवार की देर रात वह अपने गोतिया और परिवार के साथ बैठ कर शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान ही विवाद हुआ था और बहस हुई थी। इसी बहस के दौरान आरोपियों ने पहले तेज धारदार हथियार से मनोज चौधरी पर हमला किया और उसे जख्मी कर दिया। बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गयी। मनोज चौधरी के शरीर में दो गोली मारी गयी थी। घटना के बाद मनोज चौधरी को परिजन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले गये गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की। मेदनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। आपसी विवाद में हत्या हुई है और मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है।

## अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र से पोस्ता की खेती करने और और अफीम निकालकर तस्करी करने के आरोप में पांकी थाना के केकरगढ़ निवासी रामदेव यादव को पुलिस ने उसके घर से चार किलो अफीम बरामद किया। प्रोबेशनर एसपी गौरव गोस्वामी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि 26 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि केकरगढ़ निवासी रामदेव यादव और उसके पुत्र विकास यादव द्वारा अवैध रूप से पोस्ता कि खेती कर अफीम निकाला जा रहा है। सूचना थी कि वे लोग अफीम निकालकर विक्री करने वाले हैं। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन द्वारा लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर तथा करवाई का निर्देश दिया गया। छापेमारी के दौरान रामदेव यादव के घर से चार किलो अफीम बरामद हुआ। छापेमारी के क्रम में पता चला कि रामदेव यादव और उसके पुत्र के द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से पोस्ते की खेती की गई थी। रामदेव यादव के घर से बरामद हुए अफीम का बाजार मूल्य करीब बीस लाख बताया जा रहा है। पांकी थाना में कांड संख्या -34/2024 दर्ज कर रामदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी रामदेव यादव अफीम की तस्करी के आरोप में बालूमाथ थाना से गिरफ्तार होकर लातेहार जेल जा चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडीपीओ मनोज कुमार झा, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो,सबइंस्पेक्टर उत्तम तिवारी, ओमप्रकाश शाह व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।


## देवरी पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाया अभियान, दो गिरफ्तार



**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सपही मंजुराहा के मंजुराहा ढोढा के समीप गुप्त सूचना के आधार पर ओपी पुलिस ने छापामारी की ।छापेमारी के क्रम में करीब 35 लीटर देशी महुआ शराब,शराब बनाने वाला उपकरण एवम बर्तन जब्त किया गया ।

देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि अवैध देशी शराब की तस्करी मामले में सपही मंजुराहा गांव के सत्येंद्र मेहता व बलि बीघा गांव के मुंसी मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विदित हो कि देवरी ओपी प्रभारी के नेतृत्व में अविध देशी शराब को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।


# स्पोर्ट्स



समीर रिजवी का चेन्नई के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से खास कनेक्शन है

## आइपीएल 2024 : धीमी ओवर गति के कारण शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुमार्ना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के कारण गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह शुभमन गिल की टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने मैन ऑफ द मैच शिवम दुबे (23 गेंदों पर 2 चौके और 5 छक्के की बदौलत 51 रन) के बेहतरीन अर्धशतक और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (46) और रचिन रवींद्र (46) की शानदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन ही बना सकी और 63 रन से मैच हार गई। गुजरात की तरफ से साई सुदर्शन ने 37, ऋद्धिमान साहा और डेविड मिलर ने 21-21 रन बनाए।

## 'पहली गेंद पर मारूंगा', डेब्यू मैच से पहले समीर रिजवी ने परिवार से किया था खास वादा, अब हुआ खुलासा



**एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मंगलवार को दूसरी जीत दर्ज की। सीएसके की इस जीत में तमाम खिलाड़ियों ने योगदान दिया। इनमें एक नाम समीर रिजवी का भी है, जिन्होंने डेब्यू मैच की पहली गेंद पर जोरदार छक्का मारा। उन्होंने राशिद खान के खिलाफ मैदान पर पहुंचते ही ताबड़तोड़ शुरूआत की। अब रिजवी के भाई सबूल ने इस बात का खुलासा किया है कि समीर ने परिवार से वादा किया था कि वह डेब्यू मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाएंगे।

**रिजवी ने लगाए दो छक्के :** दरअसल, समीर को आईपीएल 2024 के पहले मुकाबले में प्लेइंग 11 में मौका मिला था। हालांकि, आरसीबी के खिलाफ वह बल्लेबाजी नहीं कर सके। उनकी यह इच्छा गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में पूरी हो गई। रिजवी ने छह गेंदों का सामना करते हुए 14 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो छक्के निकले। चेन्नई ने इस मैच में गुजरात को 207 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 143 रन बना सकी। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में टीम ने यह मुकाबला 63 रन से जीत लिया।

**रैना से खास कनेक्शन :** समीर रिजवी का चेन्नई के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से खास कनेक्शन है। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने साल 2011 में समीर को एक चश्मा गिफ्ट किया था। वह रिजवी की बल्लेबाजी से काफी प्रभावित हुए थे। 20 वर्षीय बल्लेबाज को राइट हैंड रैना भी है। दरअसल, वह रैना की तरह स्पिनर्स के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन करते हैं और छक्के लगाते हैं। मेरठ के इस बल्लेबाज ने 13 टी20 मुकाबलों में 137.33 के स्ट्राइक रेट से 309 रन बनाए हैं। इस प्रारुप में उनके नाम दो अर्धशतक दर्ज हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बिहार के जमुई जिले से सटे नक्सल प्रभावित तिसरी के नारोटांड़, थानसिंहडीह इलाके के मतदान केंद्रों का जायजा लिया। एसपी ने मतदान केंद्रों का जायजा लेने के साथ ही मतदान से संबंधित तैयारियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने पुलिस जवानों को मतदान से पहले और मतदान के दिन भी सुरक्षा को लेकर इलाके में खास नजर रखने के साथ ही समय समय पर सर्च ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया। मौके पर एसपी ने नारोतांड़ और थानसिंहडीह के मतदान केंद्रों में चुनाव के दिन वोटरो को गर्मी में पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को लेकर थाना प्रभारी को कई निर्देश दिए। इस दौरान एसपी के साथ तिसरी सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान भी मौजूद थे।

## सब्जी लाने बाजार जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, दो घायल




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के हीरोडीह थाना इलाके के समुआडीह में बुधवार की अहले सुबह हुए सड़क हादसे में 40 वर्षीय बाइक सवार बिहारी मल्होत्रा की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक समेत तीनो एक बाइक पर सवार थे, और तीनो एक बाइक से सब्जी खरीदने मंडरो बाजार जा रहे थे। इसी दौरान समुआदीह के समीप बाइक का संतुलन खो गया और वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिससे मौके पर ही बिहारी मल्होत्रा की मौत हो गई। जबकि रंजीत और भैरो मल्होत्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद हीरोडीह थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक समेत तीनो इसी थाना इलाके के किशगो गांव के रहने वाले थे।

## गौशाला में गो सेवा संघ का होली मिलन समारोह संपन्न



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्री गंगा गौशाला कतरास में मंगलवार को गो सेवा संघ का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में गो सेवा संघ के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं जमकर होली खेले। मौके पर सुरेंद्र अग्रवाल, महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, श्रवण खेतान, डीएन चौधरी, सुमित खंडेलवाल, कमलेश सिंह, कृष्ण कन्हैया राय, जुगल किशोर खंडेलवाल, ललित कटेसरिया, अरुण चौधरी,शैलेश बर्मन, संतोष जलान,किरण चावडा, मनोज गुप्ता, अरुण तुलस्यान,शशिकांत अग्रवाल, मनोज केसरी, संजय केसरी, विष्णु चौरसिया, उदय वर्मा ललित कटेसरिया, पंकज शर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा होने का किया दावा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दावा किया है कि आज भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और हर कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को विजय दिलाने के लिए पूरी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड इकाई अपने मजबूत संगठन के बदौलत एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगी। नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली सरकार में सहयोगी रहेगी। श्री राज ने कहा की अपेक्षा का अनुरूप सीट बंटवारे में स्थान नहीं मिलने से कार्य कताओं में निराशा जरूर है लेकिन गुस्सा में जहर नहीं खाना है और हर कीमत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है श्री राज ने कहा है की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का एक भी अधिकृत बयान एनडीए के खिलाफ अभी तक नहीं आया है इसलिए तमाम पार्टी के कार्यकर्ता अपने आप को एनडीए का हिस्सा मानकर सभी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। श्री राज ने कहा कि उन्होंने सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों की घोषणा पूर्व में ही कर दिया है जो एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। श्री राज ने कहा कि पूरे 5 वर्ष एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के बाद कहीं से कोई कार्यकर्ता एनडीए के विरुद्ध जाने वाला नहीं है। इसलिए एनडीए घटक दल की प्रमुख साथी भारतीय जनता पार्टी और अ्ं२४ के नेताओं से आग्रह है कि जहां कहीं भी राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी हैं उनका चुनाव संचालन समिति में सम्मिलित करने का काम करें ।

## सिंदरी दामोदर नदी के डोमगढ़ घाट पर एक युवक का शव पाये जाने से हड़कंप

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** । दामोदर नदी के डोमगढ घाट पर आज सुबह लगभग 25 वर्षीय युवक का शव पाए जाने से हड़कंप मच गया। दिन चढते ही संथालडीह के हिछर गांव से कुल ग्रामीण पहुंचे और शव की शिनाख्त संजय बाउरी के रुप में की। मृतक के चचेरे भाई निखिल बाउरी ने बताया कि संजय विगत 25 मार्च से लापता था। सुबह वह घर से निकला था। देर शाम तक घर नही लौटा। परिजन लगातार उसे खोज रहे थे। आज सुबह डोमगढ घाट पर शव पाए जाने की सूचना पर डोमगढ घाट पर पहुंचे। शव की शिनाख्त की गई। निखिल ने बताया कि संजय प्रतिदिन काम करने सिंदरी आया करता था। संभावना है कि 25 मार्च को रात में घर वापस लौटने के दौरान नाव नहीं मिला हो। और नदी तैरकर पार करने के दौरान पानी में डुबने से उसकी मौत हो गई हो ।

# बीसीसीएल, टाटा सहित अन्य उपक्रम के साथ वीएएफ को लेकर बैठक आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड, टाटा स्टील, आईआईटी आईएसएम सहित अन्य उपक्रमों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जिले के सभी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल रहे और मतदान के दिन वे अपने घरों से निकलकर मतदान करें। इसके लिए सभी उपक्रमों को अपने यहां वोटर अवेयरनेस फोरम की मीटिंग आयोजित करनी है। साथ ही संस्थान के फर्स्ट टाइम वोटर्स एवं युवा वोटर को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इसमें संस्थान के मुखिया फोरम के अध्यक्ष रहेंगे और अपनी अध्यक्षता में सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करेंगे। कि उनके सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के 18 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी 6 माह से अधिक समय से यहां कार्यरत है तो वह फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कर सकते है। मतदाता सूची में वोटर हेल्पलाइन एप से सरलता से नाम जुड़ सकता है। कर्मी को उसके संबंधित मतदान केंद्र के बारे में भी दिशा निर्देश देने है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उपक्रमों के प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने के लिए सहयोग प्रदान करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन सहित बीसीसीएल, टाटा स्टील, डीवीसी, आईआईटी आईएसएम, सेल, हर्ल, बीआईटी सिंदरी, ईसीएल, एमपीएल सहित अन्य उपक्रमों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## वाहन चेकिंग के दौरान पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनसार / झरिया।** जोड़ापोखर थाना अंतर्गत 26 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान जामाडोबा टीओपी के समीप जोड़ापोखर पुलिस ने पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उक्त बातें की जानकारी 27 मार्च को जोड़ापोखर थाना में सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि 26 मार्च को जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर जामाडोबा टीओपी के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान एक बाइक सवार तेज रफ्तार से आया और पुलिस को देखकर भागने लगा भागने के दौरान वह सड़क पर गिर पड़ा। बाइक पर दो युवक सवार थे एक फरार हो गया। पुलिस ने जब युवक की तलासी ली तो उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले आई और जांच पड़ताल में जुट गई। जांच के क्रम में पता चला कि दोनो युवक जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भागा रेलवे स्टेशन कॉलोनी का रहने वाला है। पकड़े गए युवक का नाम अर्जुन कुमार है जिसकी उम्र 21 वर्ष है। वहीं फरार युवक का नाम धीरज राम है। जिसके पास मैगजीन और गोली थी। पुलिस फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। वह जल्द पुलिस की गिरिफ्त में होगा । प्रेस वार्ता में जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं चंदनकियारीवासी: उमाकांत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** चास प्रखंड के ग्राम पंचायत काण्ड्रा में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनिल सिंह चौधरी और संचालन अजीत पांडेय ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत कमिटी का भी गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि आज भी चन्दनकियारी विधानसभा के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़के बेहाल हो गई है। पानी नलों से दूर हो गया है। बिजली की आंखमिचौली से जनता परेशान है। रजक ने कहा कि अंचल से लेकर प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम जन जीवन फटेहाल हो गई है। रजक ने कहा कि युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। किसान मायुस है। रजक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप हमें आशीर्वाद दें, चन्दनकियारी का सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव बधन शर्मा, अजीत पांडेय, जयराम महतो, खलील अंसारी, पांडव सिंह चौधरी, जितेन्द्र राय, रंजीत सिंह चौधरी, अर्जुन महतो, महादेव महतो, प्रीतम सिंह, आनंद महतो, हरिपद महतो, शमशुद्दीन अंसारी, राजीव पांडेय, नारायण महतो, केशव महतो, राजेन्द्र प्रमाणिक समेत अन्य उपस्थित थे।

## महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तेनुघाट।** तेनुघाट थाना अंतर्गत उलगड़ा पंचायत के पूणार्डीह टोला के मेन रोड़ के किनारे बने राय मुनि देवी के अधूरे घर मे जली हुई महिला का शव तेनुघाट पुलिस ने बरामद किया। गृह स्वामी राय मुनि ने पंचायत के मुखिया अरबिंद मुर्मू को इसकी सूचना दी। मुखिया ने तेनुघाट थाना प्रभारी अजित कुमार को इस आशय की जानकारी दी थाना प्रभारी तेनुघाट दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे मे लेकर तेनुघाट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही महिला की पहचान नहीं हो पाया है जबकि महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताया जा रहा है। वही महिला गुलाबी कलर का समीज और काले रंग का लैंगिज पहनी हुई है अभी तक यह जानकारी नहीं हो सकी है की मृतक कहा की है। वहीं इस मामले मे पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस द्वारा यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है की ये महिला कहाँ की है और यहाँ कैसे पहुंची। वहीं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा की प्रथम दृष्टि हत्या प्रतीत हो रहा है। साक्ष्य को छुपाने के लिए कहीं से हत्या कर यहां लाकर छुपा दिया है और उसे आग से जला दिया है। ताकि मृतक की पहचान ना हो पाए अनुसंधान के बाद ही पता चल पायेगा। कि मृतक की पहचान और हत्या की वजह क्या है।

## दो दुकानों में लगायी आग, पूरी दुकान जल कर खाक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**करगली(बेरमो)।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट में संचालित झोपड़ीनुमा होटल में होलिका दहन के दिन रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इससे झोपड़ीनुमा बांस एवं पट्टे के सहारे बनाया गया दो होटल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। होटल संचालक चलकरी बस्ती केवट टोला निवासी अशोक केवट एवं चलकरी बस्ती गिरी टोला निवासी महेंद्र गिरी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह दुकानदारी कर रात में दुकान बंद कर अपना आवास चलकरी बस्ती चला गया था। जिसके बाद करगली गेट के कुछ लोगों ने आग लगने की सुचना दिया। आकर देखा तो दुकान से आग की लपटें उठ रही हैं। हालांकी पार्षद प्रतिनिधि चिंकु सिंह सहित शुभम कुमार, पिटर कुमार, सुनील महतो नामक युवक ने तत्काल पानी ला-लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पुरी तरह नहीं पाया जा सका। दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। बताया कि होटल चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रात में किसी ने आग लगा दी। दुकान में रखे सामान सहित नया फ्रीज, टेबल, कुर्सी, बर्तन जल गये। लगभग 50-60 हजार रुपये कर- के दोनो दुकानदारो का नुकसान हुआ है। दुकान संचालकों ने बताया कि इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दे दी गयी है। बेरमो चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि ये दोनो दुकान चला कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करते थे। उन्होंने बेरमो प्रशासन से मांग किया कि इसकी उचित जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई करे। साथ ही उन्होंने अंचल अधिकारी तथा फुसरो नगर परिषद से सरकारी मुआवज दिलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर परिषद में नगर की सुविधा के लिए बड़े बड़े मशीन आ रही है, उसी के तहत बेरमो विधायक तथा नगर परिषद के अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर फौरन दमकल गाड़ी नगर परिषद में मंगवाने का कार्य करे। इससे कही आगजनी की घटना होती है तो तुरंत उसपर काबू पाया जा सके।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भाजपाइयों ने दी बधाई



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण जिला मंत्री अनिल यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो को उनके बाघमारा स्थित आवास पर गुलदस्ता देकर बधाई दिया। मौके पर भाजपा धनबाद ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी संदीप अग्रवाल, राजीव प्रसाद उर्फ.विक्की, संदीप यादव, मुकेश साव, सिकंदर मिश्रा,आशीष राय,अमन उपाध्याय मौजूद थे।

## कालीमंदिर का बेदी प्रतिष्ठा महायज्ञ 13 से 15 जुलाई को होगा आयोजित



**कसमार (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखण्ड के मधुकरपुर स्थित कालीमंदिर प्रांगण में बुधवार को मनोज तिवारी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। बैठक में जीर्णोद्धार कालीमंदिर के बेदी प्रतिष्ठा कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान पंडित शंकर दास गुरु (पेटरवार,दरित)एवँ पंडित बसंत तिवारी (मधुकरपुर) द्वारा शुभ मुहूर्त को देखते हुवे आगामी 13 से 15 जुलाई को महायज्ञ के साथ बेदी प्रतिष्ठा अनुष्ठान कराने पर सहमति बनी । इस दौरान 13 जुलाई को जलयात्रा, 14 जुलाई को बेदिपुजन, 15 जुलाई को बेदी स्थापना, हवन,पूणार्हुति, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। मौके पर संजय स्वर्णकार (पत्रकार), देबू महतो, कपरदार, मदन स्वर्णकार, गौतम स्वर्णकार,सिधेश्वर महतो, अजय स्वर्णकार,जीवन स्वर्णकार, मदन स्वर्णकार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गाली गलौज, मारपीट, छेड़खानी का विरोध किया तो व्यक्ति का लोगों ने सर फोड़ दिया



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत चिरकुंडा पंचेत रोड स्थित शांति नगर में गाली गलौज,मारपीट व छेड़खानी करने का विरोध किया तो एक व्यक्ति का लोगों ने सर फाड़ दिया।इस संबंध में शेखर कुमार साव ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है।साव ने कहा है कि मंगलवार की दोपहर में वे अपने घर में थे दोपहर करीब 1 बजे अचानक उनके घर पर पत्थर फेंका गया जिससे उनके घर के खिड़की का सीसा टूट गया।जैसे ही वे घर के बाहर निकले तो देखा कि उनके मोहल्ला के विनोद का दामाद आदि सभी गाली गलौज दे रहे थे।जैसे ही मेरे पत्नी व पिता घर से बाहर आए तो मेरे पिता के सर पर पत्थर मार दिया जिससे उनका सर फट गया और वे वहीं पर गीर गए तथा मेरी पत्नी का कपड़ा फाड़ दिया। जब वे विरोध किए तो उनके साथ भी गाली गलौज व धक्का मुक्की किया गया।जब वे हल्ला किए तो लोग जमा होने लगे तो वे सब भाग खड़े हुए।उनके पिता को सर में 6 टांका लगा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चिरकुंडा बिजली ऑफिस के पास टेंपो और बाइक के बीच टक्कर

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही) ।** चिरकुंडा बिजली ऑफिस के पास टेम्पो व बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार एमबीई कर्मी 56 वर्षिय गोपाल प्रसाद की मौत हो गई। इस संबंध में गलफरबाड़ी मोड़ एग्यारकुंड एक्सचेंज ऑफिस के समीप निवासी उनके पुत्र राहुल कुमार ने चिरकुंडा थाना में टेम्पो चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर संध्या बाइक सवार गोपाल प्रसाद चिरकुंडा से कुमारधुबी की ओर जा रहे थे जैसे ही वे चिरकुंडा बिजली ऑफिस के पास पहुंचे तो विपरित दिया से तेज गति में आ रहे मालवाहक टेम्पो नंबर डब्लू बी 37 एक्स 1419 ने उन्हे धक्का मार दिया।जिससे उन्हे गंभीर चोट आई व सड़क पर गिर गए।पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर घायल को स्थानिय नर्सिंग होम ले गए जहां डॉ ने इलाज के दौरान उन्हे मृत घोषित कर दिया। मृतक वर्तमान में चिरकुंडा पंचेत रोड स्थित मंडल लेबोरेट्री के समीप अपने ससुराल में रह रहे थे उनका पत्नी सहित दो पुत्र हैं व एमबीई कंपनी कुमारधुबी में कार्यरत थे।

## लोकसभा चुनाव से पहले दुमका में बंगाल बार्डर पर 16.54 लाख रुपये जब्त

**दुमक (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड-बंगाल सीमा पर बने चेक पोस्ट से 16.54 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। चेकपोस्ट दुमका जिले में है। लोकसभा चुनाव के दौरान मनी और मसल पावर के खिलाफ चुनाव आयोग ने सख्त अभियान छेड़ रखा है। चुनाव आयोग का साफ कहना है कि चुनावों के दौरान धन का प्रलोभन देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को हर हाल में नाकाम किया जाएगा। धनबल के दुरुपयोग के लिए जगह-जगह बनाए गए हैं चेकपोस्ट। इसके लिए जगह-जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर देश के सभी राज्यों की पुलिस ने धनबल का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी अभियान के तहत झारखंड के दुमका जिले में पुलिस ने 16.54 लाख रुपए जब्त किए हैं. एनएच 114ए पर दुमका जिले के लोरीपहाड़ी में इंटर स्टेट चेकपोस्ट बना है. दुमका-रामपुरहाट मुख्य सड़क पर पश्चिम बंगाल की सीमा पर लोरीपहाड़ी के पास बने चेकपोस्ट पर दो अलग-अलग व्यक्तियों से 16 लाख 54 हजार 650 रुपए जब्त किये गये हैं।

**एक कार से मिले 11 लाख 28 हजार 650 रुपए**

यहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह बीडीओ अमिताभ झा ने बुधवार (27 मार्च) को रामपुरहाट की ओर से आ रही कार पर सवार व्यक्ति से 11 लाख 28 हजार 650 रुपए जब्त किए गए। इस राशि को सीओ कपिलदेव ठाकुर की उपस्थिति में आयकर विभाग को सुपुर्द कर दिया गया. यह राशि गोशाला रोड दुमका के नंद लाल दत्ता के पास से जब्त की गई है। इब्राहीम शेख के पास से बरामद हुए करीब 5.26 लाख रुपए इससे पूर्व 24 मार्च को मदरसापाड़ा निश्चितपुर रामपुरहाट के इब्राहीम शेख से भी 5.26 लाख रुपए जब्त किए गए थे। उक्त राशि को सीओ कपिलदेव ठाकुर की उपस्थिति में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरि प्रसाद साह के सुपुर्द किया गया था।

# पूर्व तट रेलवे ने छह दिन पहले लदान का लक्ष्य हासिल किया



**250 मिलियन टन मूल माल लदान करनेवाला पहला क्षेत्र**

**पिछला रिकॉर्ड पार करते हुए किसी भी क्षेत्र द्वारा अब तक का सबसे अधिक माल लदान**

**इस अवधि के दौरान 149.507 टन कोयला लोड किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल लदान में भारतीय रेलवे के सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। 1 अप्रैल 2023 से 25 मार्च 2024 तक, पूर्व तट रेलवे ने 250 मिलियन टन माल लदान किया, जिससे वित्त वर्ष 2022-23 के उच्चतम माल लदान का पिछला रिकॉर्ड पार कर लिया है। पूर्व तट रेलवे लगातार 5वीं बार 200 मिलियन टन लोडिंग का मील का पत्थर पार करने वाला पहला जोन बन गया है। पूर्व तट रेलवे के तीन डिवीजनों ने इसके द्वारा हासिल की गई शानदार उपलब्धि में बहुत योगदान दिया है। अविभाजित दक्षिण पूर्व रेलवे के बाद वित्तीय वर्ष 2019-20 में 200 मीट्रिक टन लोड करने वाला पूर्व तट रेलवे दूसरा रेलवे जोन था। आज यह 250 मीट्रिक टन माल ढुलाई करने वाला पहला जोन बन गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूर्व तट रेलवे ने स्टील प्लांटों को 149.50 मीट्रिक टन कोयला, 12.9 मीट्रिक टन कच्चा माल, 20.15 मीट्रिक टन स्टील और स्लैग, 37.4 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 1.21 मीट्रिक टन सीमेंट, 3.16 मिलियन टन खाद्यान्न का परिवहन किया, जबकि 6.4 मीट्रिक टन उर्वरक, 3.0 मीट्रिक टन खनिज तेल, 23.27 मीट्रिक टन कंटेनरों और अन्य सामानों में माल ढुलाई किया गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6% अधिक है। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन ने 156.17 मिलियन टन का योगदान दिया है, इसके बाद वाल्टेयर डिवीजन ने 74.66 मिलियन टन और संबलपुर डिवीजन ने 19.20 मिलियन टन का योगदान दिया है। तीनों डिवीजनों ने पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और अपने पिछले वर्ष के लोडिंग आंकड़े को पार कर लिया है। तालचेर में एमसीएल के कोयला क्षेत्र, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में पांच बंदरगाह, यानी पारादीप, धमारा, वाईजाग, गंगावरम और गोपालपुर; इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के बैलाडिला में लौह अयस्क खदानें, प्रमुख स्टील और एल्युमीनियम कंपनियां, क्योंझर जिले में लौह अयस्क खदानें प्रमुख योगदानकर्ता हैं।

सरकारी क्षेत्रों और उद्योगों के साथ उचित योजना और समन्वय के साथ पूर्व तट रेलवे के उल्लेखनीय प्रदर्शन द्वारा विभिन्न चुनौतियों के बावजूद यह उल्लेखनीय लोडिंग हासिल की गयी है। रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। महाप्रबंधक श्री शर्मा ने पहले दिन से ही अपने कर्मचारियों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर कड़ी मेहनत के साथ सही मानसिकता इस रेलवे क्षेत्र के लिए सफलता की कुंजी है।

# बीजेडी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी किया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। बिशम कटक से जगन्नाथ सरका, गुनुपुर से रघुनाथ गमांग, रायगढ़ा से अनुसूया माझी, बरगढ़ से देबेश आचार्य, बीजेपुर से रीता साहू, अताबिरा से सेहंगिनी छूरिया, भटली से सुशांत सिंह, जलेश्वर से अश्विनी कुमार पात्र, बस्ता से सुबासिनी जेना, भंडारीपोखरी से संजीव मल्लिक, भद्रक से प्रफुल्ल सामल, बासुदेबपुर से बिष्णुब्रत राउतराय, धामनगर से डॉ. संजय कुमार दास, चांदबाली - ब्योमकेश रॉय, बिंझारपुर- प्रमिला मल्लिक, धर्मशाला से प्रणब बलवंतराय, जाजपुर से सुजाता साहू, सुकिंदा से प्रीतिरंजन घड़ेई, ढेंकानाल से सुधीर सामल, कामाक्षानगर से प्रफुल्ल कुमार मल्लिक, परजंग से नरसिंह साहू, पाललहड़ा से मुकेश पाल, छेन्डीपदा से सुशांत कुमार बेहेरा, सोनपुर से निरंजन पुजारी, लोइसिंघा से निहार रंजन बेहेरा, पाटनागढ़ से सरोज मेहेर, बलांगीर से कलिकेश नारायण सिंहदेव, टिटिलागढ़ से टुकुनी साहू, नुआपडा से राजेंद्र ढोलकिया, उमरकोट से नबीना नायक, झरीगांव से रमेश चंद्र माझी, नबरंगपुर से कौशल्या प्रधानि, डाबूगांव से मनोहर रधारी, लांजीगढ़ से प्रदीप कुमार दिशारी, जूनागढ़ से दिब्यशंकर मिश्र, धर्मगढ़ से पुष्पेन्द्र सिंह देव, भवानीपटना से लतिका नायक, जी. उदयगिरि से सालुगा प्रधान, कंटामाल से महिधर रणा, बौद्ध से प्रदीप कुमार अमांत, बडम्बा से देवी प्रसाद मिश्र, बांकी से देविरंजन त्रिपाठी, आठगढ़ से रणेन्द्र प्रताप स्वाइं, कटक चौद्वार से सौविक बिस्वाल, नियाली से प्रमोद मल्लिक, कटक सदर - चंद्रसारथी बेहेरा, पाटकुरा से अरविंद महापात्र, आली से प्रताप देव, राजनगर से ध्रुब साहू, महाकालपडा से अतनु सब्यसाची नायक, पुरी से सुनील महांति, ब्रह्मगिरि से उमाकांत सामंतराय, सत्यवादी से संजय दासबर्मा, पिपिली से रूद्र प्रसाद महारथी, जटनी- विभूति बलबन्तराय, रणपुर से सत्यनारायण प्रधान, दसपल्ला से रमेश चंद्र बेहेरा, नयागढ़ से अरुण साहू, भंजनगर से विक्रम केशरी आरूख, पोलसरा से श्रीकांत साहू, कविसूर्यनगर से लतिका प्रधान, छत्रपुर से सुबाष चंद्र बेहेरा, सोरडा से संघमित्रा स्बाइं, हिंजिली से नवीन पटनायक, गोपालपुर से विक्रम कुमार पंडा, दिगपहंडी से बिप्लब पात्र, चिकिटी से चिन्मय नन्द श्रीरूपदेव, कोटपाड़ से चंद्रशेखर माझी, कोरापुट से रघुराम पोडाल, मालकानगिरि से मानस माकाम्बी, काशीपुर से बद्रीनारायण पात्र और पाटना से जगन्नाथ नायक हैं।

## लोकसभा उम्मीदवारों की भी घोषणा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजू जनता दल (बीजेडी) के सुप्रिमो तथा मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। लोकसभा की 9 सीटों के लिए नामों की घोषणा की गयी है। बीजू जनता दल बिजेडी ने भुवनेश्वर से मन्मथ राउतराय, मयूरभंज से सुदाम मारांडी, केंद्रापड़ा से अंशुमान महांति, सुंदरगढ़ से दिलीप तिर्की, संबलपुर से प्रणब प्रकाश दास, नबरंगपुर से प्रदीप माझी, आसका से रंजीता साहू, कलाहांडी से लंबोधर नियाल और कोरापुट से कौशल्या हिक्का को टिकट दिया है।**

# खलीकोट के पूर्व विधायक पुन चंद्र सेठी बीजेडी छोड़ कर बीजेपी में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रदेश कार्यालय में आयोजित विलय उत्सव में खलीकोट के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ बीजेडी नेता पूनचंद्र सेठी आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गये। ओड़िशा में छाया सरकार चल रही है। शासन व्यवस्था गैर-उड़िया लोगों के हाथ में चली गयी है। दुर्न्निति और भ्रष्टाचार का राज चल रहा है। राज्य के सामूहिक विकास के लिए ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। ओड़िशा की जनता का भरोसा मोदी सरकार और मोदी गारंटी पर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यह निश्चित रूप से ओडिशा में दिखायी देगा और डबल इंजन की सरकार बनेगी, यह बात हाल ही में शामिल हुए पूर्व विधायक श्री सेठी ने कही।

प्रधानमंत्री मोदी का हाथ को मजबूत करने के लिए हर वर्ग के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हम ओड़िशा के विकास का संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश और राज्य के लोगों का आस्था और विश्वास बढ़ रहा है। भाजपा के सदस्य बनने के लिए राज्य सभापति मनमोहन सामल ने कहा कि मोदी के हाथ को मजबूत करने के लिए 8980808080 डायल करें। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति, विधायक प्रदीप पाणिग्राही, राज्य साधारण संपादक शारदा शतपथि, राज्य संपादक सरोज कर, आस्का सांसद प्रथिनी अनिता शुभदर्शनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वेदांता एल्यूमीनियम बाल्को एल्यूमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड वी3 के अनुरूप प्रमाणित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की इकाई, भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने प्राथमिक एल्युमीनियम की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण और आपूर्ति के लिए एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआइ) प्रदर्शन मानक वी3 प्रमाणन हासिल किया है। कोरबा, छत्तीसगढ़ में इसकी सुविधा पर उत्पाद। इसमें पिघला हुआ एल्यूमीनियम (गर्म धातु) के उत्पादन के लिए दो पॉटलाइन वाला एक स्मेल्टर, एल्यूमीनियम को आकार देने के लिए तीन कास्टहाउस, एक रोल्ड उत्पाद संयंत्र और एक बिजली उत्पादन संयंत्र शामिल है। साथ में, वे बाल्को की 575,000 टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता में योगदान करते हैं।

बाल्को एल्यूमीनियम तार की छड़ें, सिल्लियां, प्राथमिक फाउंड्री मिश्र धातु और रोल्ड उत्पाद, साथ ही भारत की पहली कम कार्बन एल्यूमीनियम रेंज रेस्टोरा का उत्पादन करता है। वे ऑटोमोबाइल, बुनियादी ढांचे, इन्सुलेशन, बिजली परियोजनाओं, इलेक्ट्रिकल और पैकेजिंग सहित कई क्षेत्रों में आवेदन पाते हैं। यह अरक प्रदर्शन मानक वी3 प्रमाणन प्राप्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनकर उभरी है। इससे पहले, वेदांत एल्युमीनियम ने भारत के ओडिशा के झारसुगुड़ा में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसइजेड) के भीतर स्थित अपने स्मेल्टर और कैप्टिव पावर प्लांट के लिए एएसआई प्रदर्शन मानक वी2 प्रमाणन भी हासिल किया है।

एएसआइ प्रमाणन कार्यक्रम एक व्यापक बहु-हितधारक परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से विकसित किया गया था और यह वैश्विक एल्यूमीनियम मूल्य श्रृंखला के लिए एकमात्र व्यापक स्वैच्छिक स्थिरता मानक पहल है। अरक प्रदर्शन मानक वी3 (2022) को बहु-वर्षीय संशोधन प्रक्रिया के बाद मई 2022 में लॉन्च किया गया था। यह तीन स्थिरता स्तंभों - पर्यावरण, सामाजिक और शासन के तहत 11 सिद्धांतों और 62 मानदंडों को परिभाषित करता है - जिसका उद्देश्य एल्यूमीनियम मूल्य श्रृंखला में स्थिरता क्षेत्रों, जैसे जैव विविधता, स्वदेशी लोगों के अधिकार, परिपत्रता और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को संबोधित करना है। भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) का स्वतंत्र, तृतीय-पक्ष ऑडिट द्वारा किया गया था।

वेदांत एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवेन ने कहा किं हम प्रतिष्ठित एएसआइ सदस्यता में बाल्को के शामिल होने और एएसआइ परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड वी3 के खिलाफ इसके प्रमाणन का स्वागत करते हैं, जिसमें हमारे कम कार्बन वाले 'ग्रीन' एल्युमीनियम रेस्टोरा और रेस्टोरा अल्ट्रा ब्रांडों का उत्पादन शामिल है। भारत के प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में, बाल्को ने एल्युमीनियम मूल्य श्रृंखला के हर चरण में टिकाऊ प्रक्रियाओं का बीड़ा उठाया है और खुद को वैश्विक उद्योग में एक बेंचमार्क के रूप में स्थापित किया है। यह प्रमाणन जिम्मेदार उत्पादन प्रथाओं के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता की पुनरावृत्ति के रूप में आता है और हमारी टीमों में एक स्थायी दुनिया के निर्माण की दिशा में एल्यूमीनियम की असीमित क्षमता का दोहन करने के नये तरीकों की खोज पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित करता है।

एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव के सीइओ डॉ फियोना सोलोमन ने कहा कि हम भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) को छत्तीसगढ़ में अपनी एकीकृत एल्युमीनियम उत्पादन सुविधाओं के लिए प्रदर्शन मानक प्रमाणन वी3 (2022) प्राप्त करने पर बधाई देते हैं। भारत में एक बड़े एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में और एक वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम व्यवसाय का हिस्सा, बाल्को वैश्विक एल्युमीनियम उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रमाणन बाल्को की स्थिरता यात्रा में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है और पर्यावरण, सामाजिक और शासन मानदंडों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करने वाली प्रथाओं को अपनाने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सम्मम में फिर अंगदान

## ब्रेन डेड मरीजों के अंग दूसरे राज्यों में भेजे गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नौ महीने के अंतराल के भीतर यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर में एक ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगों को निकाल कर और दो गंभीर रोगियों को नया जीवन देने के लिए दूसरी बार राज्य के बाहर भेजे गये हैं। 48 वर्षीय सीआरपीएफ जवान कृष्ण चंद्र महाभोई का किडनी खराब होने के कारण 20 मार्च से सम्मम में इलाज चल रहा था। 23 मार्च को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। रोगी पहले नियमित डायलिसिस से गुजर रहा था और उसका इलाज आईसीयू में किया जा रहा था।

बाद में उनकी स्वास्थ्य स्थिति अधिक जटिल हो गयी और उन्हें सबड्यूरल हैमरेज का सामना करना पड़ा। उनका इलाज कर रही मेडिकल टीम ने रविवार सुबह एपनिया टेस्ट किया और उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। मृतक के बेटे सत्यब्रत महाभोई ने कहा कि मरीज के परिवार ने यह जानते हुए कि मरीज ब्रेन डेड है, उसके शरीर के अंगों को दान करने का फैसला किया और अस्पताल के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया। अस्पताल के अधिकारियों ने तुरंत राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) उसके बाद क्षेत्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (रोटो) और राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) से संपर्क किया गया, जब संबंधित व्यक्ति के अंगों की जांच की गयी और यह पाया गया कि रोगी के यकृत और हृदय का उपयोग प्रत्यारोपण के लिए किया जा सकता है।

नोटो द्वारा बनाये गये अंगों के आवंटन के अनुसार यकृत को एक रोगी के प्रत्यारोपण के लिए मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल और अनुसंधान केंद्र को भेजा गया, जबकि हृदय को मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इलाज एक अन्य रोगी के प्रत्यारोपण के लिए कोलकाता को भेजा गया था। इन दोनों अस्पतालों की मेडिकल टीमें सोमवार को भुवनेश्वर पहुंचीं और एक वरिष्ठ सर्जन की मौजूदगी में मरीज के शरीर से अंगों को निकाला गया। स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों अंगों को अन्य दो शहरों में सुरक्षित परिवहन के लिए अस्पताल से बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एक ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गयी थी। सम्मम के सीइओ डॉ श्वेतपद्म दास ने बताया कि दूसरी बार सम्मम के एक ब्रेन डेड मरीज के शरीर से विभिन्न अंगों को निकाल कर प्रत्यारोपण के लिए दूसरे अस्पताल में भेजा गया है। पिछले साल 24 जून को सम्मम में एक ब्रेन डेड मरीज के शरीर से लीवर, फेफड़े और किडनी को निकालकर प्रत्यारोपण के लिए तीन अलग-अलग शहरों में भेजा गया था।

# बीजेपी ने ओड़िशा की 21 में से 18 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजेपी ने ओड़िशा की 21 में से 18 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। उम्मीदवारों के नाम हैं:- बरगड़ से प्रदीप पुरोहित, सुंदरगढ़ से जुएल ओराम, संबलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, केंउझर से अनंत नायक, मयूरभंज से नव चरण माझी, बालेश्वर से प्रताप षडंगी, भद्रक से अभिमन्यु सेठी, ढेंकानाल से रुद्र नारायण पाणी, बलांगीर से संगीता सिंह देव, कलाहांडी से मालविका किशोरी देव, नबरंगपुर से बलभद्र माझी, केंद्रापड़ा से बैजयंत पंडा, जगतसिंहपुर से विभुप्रसाद तराई, पुरी से संवित पात्र, भुवनेश्वर से अपराजिता षड़ंगी, आस्का से अनीता शुभदर्शिनी, ब्रह्मपुर से प्रदीप कुमार पाणिग्राही और कोरापुट से कालेराम माझी।**

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**